www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 334 || अम्बेडकरनगर
रविवार
01 मार्च 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदय: 06:31
सूर्यास्त: 06:07
अधिकतम: 31°00
न्यूनतम: 17°00



पेज 07

विशेष समाचार | होलिका दहन:दैवीय न्याय का... >> पेज 04 | 12 करोड़ की लैंबोर्गिनी 8... >> पेज 06 | यामी गौतम ने देख ली...



### ईरान-इजराइल वॉर पर देशों के बयान

भारत के दूतावास ने भारतीय नागरिकों को पूरी सावधानी बरतने, गैर जरूरी यात्रा से बचने और हालात पर लगातार नजर रखने की सलाह दी। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि हालात खतरनाक हैं और नागरिकों की सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय कानून को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। स्विट्जरलैंड के विदेश मंत्रालय ने सभी पक्षों से संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा करने की अपील की। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने कहा कि ये हमले मिडिल ईस्ट को संकट के कगार पर ला रहे हैं। अमेरिका और ईरान को बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए। स्लोवेनिया की राष्ट्रपति नताशा पिर्क मुसर ने कहा कि यह तनाव शांति और स्थिरता के लिए खतरा पैदा करता है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि उनका देश अमेरिका के कदम का समर्थन करता है ताकि ईरान परमाणु हथियार न बना सके।


## इस्राइल का दावा- ईरानी रक्षा मंत्री और आईआरजीसी कमांडर की मौत

# पश्चिम एशिया में बढ़ा टकराव

### अमेरिका-इजराइल का ईरान पर हमला

**40 छात्राओं की मौत**

दरअसल, इजराइल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है।



### अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन

इजराइल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम 'लियोनस् रोर' (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजराइल का जॉइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है।



## जंग

**तमसा संकेत, एजेंसी**

तेल अवीव/तेहरान । इजराइल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इरना न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों में दक्षिणी ईरान में 40 छात्राओं की मौत हो गई। जबकि 45 घायल हैं।

इसके जवाब में ईरान ने भी इजराइल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं।

ईरान ने इजराइल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। ईरान ने UAE के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है।

इजराइल में लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी गई है। स्कूल और कई दफ्तर बंद कर दिए गए हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

**अमेरिका के साथ मिलकर इजरायल ने 10 शहरों पर हमला ईरान ने भी इजराइल-दुबई पर 400 मिसाइलें दागीं**

### बहरीन में मौजूद भारतीय नागरिक बोले- सुबह 6-7 हमले हुए


सूरत के रहने वाले नरेश माधविया, जो सिर्फ 15 दिन पहले काम के लिए बहरीन गए थे, ने बताया कि वे इस समय मनामा में हैं। सुबह का समय बहुत डरावना था। खासकर जुफैर इलाके में कई धमाके हुए। सुबह करीब 10:30 बजे के बीच 6–7 तेज धमाकों की आवाज आई।

### लोग अमेरिकी सैन्य ठिकानों से दूर रहें : शशि थरूर

अमेरिका-इजराइल और ईरान संघर्ष के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपील की कि मिडिल ईस्ट में मौजूदा हमलों के दौरान लोग अमेरिकी और सहयोगी देशों के सैन्य ठिकानों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि हालात को देखते हुए यह एहतियाती कदम जरूरी है। थरूर ने अबू धाबी में हुए मिसाइल हमले का भी जिक्र किया, जिसमें एक एशियाई नागरिक के मारे जाने की खबर है।

### यूएनएससी की बैठक बुलाने की मांग

ओमान ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद हालात बहुत बिगड़ सकते हैं और इसका असर पूरे इलाके पर पड़ सकता है, जिसे संभालना मुश्किल हो जाएगा। विदेश मंत्रालय ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) से तुरंत बैठक बुलाने की मांग की है, ताकि युद्धविराम कराया जा सके और दुनिया के देश खुलकर अंतरराष्ट्रीय कानून के समर्थन में खड़े हों।



बहरीन के मनामा में अमेरिकी एयरबेस पर ईरानी हमले के बाद उठता धुंआ।

### ईरान ने इजराइल के खिलाफ बड़ा ड्रोन अटैक किया

ईरान की सेना ने घोषणा की है कि उसने इजराइल के खिलाफ पहली बार बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया है, जिसमें दर्जनों हमला करने वाले ड्रोन दागे गए हैं। यह हमला अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में किया गया है।

> फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता युद्ध दुनिया की शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हालात बहुत खतरनाक होते जा रहे हैं और इस तनाव को तुरंत रोकना जरूरी है।



अमीर नासिरज़ादेह ईरानी रक्षामंत्री | मोहम्मद पाकपोर IRGC कमांडर

### दक्षिणी ईरान में इजराइली हमले में 70 लोगों की मौत, 90 घायल

दक्षिणी ईरान के होरमोजगान प्रांत में हुए हमलों में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई है और 90 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी वहां के स्वास्थ्य अधिकारियों ने ईरानी न्यूज एजेंसी को दी है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### ईरान-अमेरिका के बीच बैलिस्टिक मिसाइल पर विवाद चल रहा था

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। अमेरिकी सेना पहले ही ईरान को चारों तरफ से घेर चुकी है। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिका ने अपने नागरिकों से तुरंत इजराइल छोड़ने के लिए कहा था। ईरान और अमेरिका के बीच चल रही परमाणु समझौते की बातचीत में बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट सबसे बड़ा विवाद का मुद्दा बन गया है। ईरान इस पर बिल्कुल भी समझौता करने को तैयार नहीं है और इसे अपनी रेड लाइन मानता है।

### ईरानी हमले का जवाब देंगे : यूएई

UAE के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि देश पर ईरान की मिसाइलों से हमला हुआ, लेकिन एयर डिफेंस सिस्टम ने कई मिसाइलें रोक दीं। अबू धाबी के एक इलाके में मिसाइल के टुकड़े गिरने से कुछ नुकसान हुआ और एक इंसान की मौत हो गई। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला नागरिकों और सरकारी जगहों के लिए खतरनाक और गलत है। UAE ने कहा कि यह देश की सुरक्षा और कानून का उल्लंघन है और देश को इस हमले का जवाब देने का पूरा अधिकार है।

## फास्ट न्यूज़

### टीएमसी ने राज्यसभा के लिए 4 कैंडिडेट का ऐलान किया

कोलकाता । तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार शाम को राज्यसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया। इनमें मंत्री बाबुल सुप्रियो, बंगाल के पूर्व DGP राजीव कुमार, सीनियर एडवोकेट मेनका गुरुस्वामी और एक्ट्रेस कोयल मल्लिक का नाम शामिल है।

**हस्तक्षेप | मांग**

### राहुल गांधी का वित्त मंत्री सीतारमण को लेटर

नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है। उन्होंने सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों से जुड़े दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर हस्तक्षेप की मांग की है। 25 फरवरी 2026 को लिखे लेटर में राहुल ने एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS) के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने और दिव्यांगता पेंशन पर लगाए गए नए आयकर प्रावधान को वापस लेने मांग की। राहुल ने लिखा है कि एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना है, लेकिन यह गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है।

### केजरीवाल ने हनुमान मंदिर में पूजा की

नई दिल्ली । दिल्ली के पूर्व सीएम और AAP नेता अरविंद केजरीवाल दिल्ली के कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा की। उनके साथ पत्नी सुनीता केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, AAP सांसद संजय सिंह समेत अन्य नेता मौजूद रहे। एक दिन पहले ही दिल्ली शराब नीति से जुड़े सीबीआई मामले में केजरीवाल-सिसोदिया समेत 23 लोगों को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने बरी किया था।

### कहा- देश आज हार्डवेयर बनाने के लिए भी पहचाना जा रहा, 22,516 करोड़ से बना प्लांट

# पीएम मोदी ने सेमीकंडक्टर प्लांट का किया उद्घाटन



## स्पीच

**तमसा संकेत, एजेंसी**

साणंद (गुजरात) । पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के साणंद में माइक्रोन टेक्नोलॉजी की सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (ATMP) फैसिलिटी का उद्घाटन किया।

पीएम ने कहा कि 10-11 साल पहले तक भारत में डेटा और चिप की चर्चा कम होती थी। पहले देश की पहचान सॉफ्टवेयर के रूप में थी, आज भारत हार्डवेयर बनाने के लिए भी पहचाना जाने लगा है।



उन्होंने कहा-जून 2023 में MOU साइन हुआ, सितंबर 2023 में काम शुरू हुआ और फरवरी 2026 में यहां प्रोडक्शन शुरू हो गया। इस सेक्टर को जानने वाले समझते हैं कि यह बहुत तेज रफ्तार है। साफ नीयत हो तो नीतियां भी साफ बनती हैं और फैसले जल्दी होते हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

**इस प्लांट में पहली बार मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर मेमोरी मॉड्यूल्स का कमर्शियल प्रोडक्शन और शिपमेंट शुरू होगा। यह केंद्र सरकार के मेक इन इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन का पहला प्रोजेक्ट है। यह प्लांट 22,516 करोड़ रुपए की लागत से बना है।**

### एटीएमपी टेक्नोलॉजी पर आधारित है प्लांट

यह प्लांट एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) टेक्नोलॉजी पर आधारित है। प्लांट में सेमीकंडक्टर चिप्स को जोड़ा जाएगा, उनकी जांच की जाएगी, उन पर जरूरी मार्किंग और फिर पैकेजिंग की जाएगी। इससे देश में सेमीकंडक्टर निर्माण को मजबूती मिलेगी और देश टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

# घोषणा : आंगनबाड़ी आशा वर्कर्स का बढ़ेगा मानदेय

### होली पर 18600000 परिवारों को फ्री सिलेंडर

## तोहफा

**हेमन्त कृष्ण**

तमसा संकेत, लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रदेश के एक करोड़ 86 लाख परिवारों को होली पर फ्री सिलेंडर की राशि जारी की। इसको लेकर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सीएम योगी ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं और आशा कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की योजना की घोषणा की। पिछले दिनों यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों के मानदेय को 10 हजार रुपये मासिक से 18 हजार रुपये करने का ऐलान किया था। आगनबाड़ी और आशा वर्कर्स के मानदेय में वृद्धि की घोषणा को इनके लिए होली का तोहफा करार दिया जा रहा है। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक मौजूद रहे।



**सीएम योगी आदित्यनाथ ने होली पर उज्वला धारकों के लिए फ्री सिलेंडर राशि जारी की**

सीएम योगी ने कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने एक-एक करके तय किया है कि आंगनबाड़ी हों, आशा वर्कर हों, इन सभी के मानदेय को भी आने वाले समय में कार्मिक रूप से आगे बढ़या जाएगा। ये लोग समाज में रहकर काम करती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जो फेयर प्राइस शॉप हैं, जिनको राशन कोटे की दुकान कहा जाता है, वहां पर लोगों को पहले काफी शिकायतें आती थीं।

>> (शेष पेज 06 पर)

# बंगाल एसआईआर : लिस्ट में 7.04 करोड़ से ज्यादा वोटर

### अब तक 11 राज्यों-यूटी की अंतिम मतदाता सूची जारी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

कोलकाता । पश्चिम बंगाल में जारी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) की फाइनल वोटर लिस्ट शनिवार को पब्लिश हो गई है। राज्य के चुनाव आयुक्त (CEO) मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया कि राज्य में अब कुल वोटर की संख्या 7,04,59,284 है।

SIR से पहले राज्य में 7.66 करोड़ वोटर थे। इस पूरी प्रक्रिया में कुल 61,78,245 लोगों के नाम काटे गए हैं। इलेक्टोरल रोल रिवीजन प्रोसेस में फॉर्म-7 के जरिए 5,46,053 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए और फॉर्म-6 और फॉर्म-6A जमा करके 1,82,036 वोटरों को शामिल किया गया।

CEO ने कहा- 60 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम की जांच अभी भी जारी है। हालांकि उन्हें नई वोटर लिस्ट में जोड़ा गया है। बाद में इन नामों पर फैसले के बाद लिस्ट में बदलाव हो सकता है। देश के 12 राज्यों-UT में 27 अक्टूबर 2025 से SIR के दूसरे फेज के तहत वोटर वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू हुई थी।

>> (शेष पेज 06 पर)



**61 लाख लोगों के नाम हटे, मार्च के दूसरे हफ्ते में बंगाल में चुनाव का ऐलान संभव**

### ईरान-इजराइल जंग से भारत की 50% तेल सप्लाई पर संकट

नई दिल्ली । ईरान और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग का असर भारत के तेल, व्यापार, शेयर बाजार और सोना-चांदी की कीमतों पर दिख सकता है। अगर दोनों देशों के बीच युद्ध और बढ़ता है तो होर्मुज स्ट्रेट बंद हो सकता है। इससे भारत को हर महीने होने वाली तेल सप्लाई का आधा हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। इसके अलावा भारत का नॉन-ऑयल एक्सपोर्ट भी प्रभावित हो सकता है। इसका 10% से ज्यादा हिस्सा इस क्षेत्र से सप्लाई होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जंग बढ़ने से कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतें तेजी से बढ़ सकती हैं। तेल महंगा होने से महंगाई बढ़ती है और इसका असर शेयर बाजार पर भी पड़ेगा। ऐसे हालात में बाजार में बड़ी बिकवाली और गिरावट देखने को मिल सकती है। दूसरी तरफ, जब दुनिया में तनाव बढ़ता है तो निवेशक सुरक्षित विकल्प की ओर जाते हैं।

### घटना : 21 लोगों की मौत 8 गंभीर घायल, धमाके की आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी

# आंध्र प्रदेश- पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अमरावती । आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले के वेटलापलेम गांव में शनिवार को पटाखा बनाने वाली यूनिट में धमाका हो गया। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे ब्लास्ट हुआ। धमाके इतना भीषण था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इसके बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और हादसे में घायल लोगों को अस्पताल भेजना शुरू किया।

पुलिस अधिकारी ने बताया- धमाका इतना तेज था कि लाशें पास के धान के खेतों में जाकर गिरीं। हरे-भरे धान के खेतों के बीच डरावना मंजर देखने को मिला, जब स्थानीय लोग बाराकालू, यानी खाद की बोरियों से बनी चादरों में लाशें ले जाते दिखे।

पुलिस ने पास के खेतों में बिखरे शरीर के हिस्सों का पता लगाने के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। काकीनाडा गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट ने कहा कि हॉस्पिटल में आए घायल 90 से 100 परसेंट तक जले हुए हैं। उनका इलाज जारी है। >> (शेष पेज 06 पर)



आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में स्थित पटाखा फैक्ट्री में शनिवार दोपहर 2 बजे ब्लास्ट हुआ।



> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए हर मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री नेशनल रिलीफ फंड से दो लाख रुपए देने का ऐलान किया है। वहीं घायलों को 50,000 की आर्थिक मदद दी जाएगी।

### सीएम नायडू ने दुख जताया

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने संबंधित मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर हालात की निगरानी करने को कहा है। प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुटा है।

# 'बिल्डर ने होलिका की जमीन कब्जाई'

## किसान बोले- शिकायत के 3 महीने बाद भी कार्रवाई नहीं, लखनऊ नगर निगम ऑफिस घेरा

**प्रदर्शन**

- लखनऊ नगर निगम में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन ने जोरदार प्रदर्शन किया।
- किसानों ने सरोजनी नगर के अटल बिहारी वॉर्ड में होलिका दहन की जमीन निजी बिल्डर द्वारा कब्जाने का आरोप लगाया।
- भाकयू (राकेश टिकैत गुट) जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा ने कहा- शिकायत पर जब 3 महीने बाद भी एक्शन नहीं हुआ तो धरने पर बैठना पड़ा।



लखनऊ नगर निगम में धरना देते किसान यूनियन के कार्यकर्ता।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ नगर निगम में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन ने जोरदार प्रदर्शन किया। सरोजनी नगर के अटल बिहारी वॉर्ड में होलिका दहन की जमीन निजी बिल्डर द्वारा कब्जाने का आरोप लगाया। इस दौरान मेयर और नगर आयुक्त के चैम्बर के बाहर जमकर नारेबाजी हुई।

हालात बिगड़ते देख मौके पर पुलिस बुलाई गई। जिसके बाद किसी तरह हालात काबू में आए। किसान यूनियन के सदस्यों का आरोप था कि कई बार शिकायत करने के बावजूद नगर निगम की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते अब होलिका दहन के लिए कोई स्थल नहीं बचा है। प्रदर्शन कर रहे है लोगों का यह भी कहना था कि स्थानीय लोगों में इसको लेकर जबरदस्त आक्रोश है।

### सुनवाई न होने पर दिया धरना

भारतीय किसान यूनियन (राकेश टिकैत गुट) के जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा का कहना था कि नवंबर महीने में निजी बिल्डर द्वारा होलिका दहन की जमीन पर कब्जा करने को लेकर शिकायत दी गई थी। नगर निगम के बड़े अफसर के संज्ञान में भी यह मामला लाया गया था। तभी कहा गया था कि निजी बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई होगी पर नगर निगम ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। जब कोई किसान नगर निगम की जमीन पर अपने किसी जानवर के लिए नांद रख लेता है तो तुरंत नगर निगम चालान कर देता है पर बड़े बिल्डरों के खिलाफ नगर निगम एक्शन लेने के लिए टालमटोल करता है।



**3 महीने बाद भी जब एक्शन नहीं हुआ तब मजबूर होकर भारतीय किसान यूनियन यहां धरना दे रहा है। आज पहले हम लोग अपनी बात करने आए थे पर जब सुनवाई नहीं हुई तब मजबूर होकर धरना धरने पर बैठ गए।**

# मोदी-योगी छाप पिचकारी की धूम सबकी पसंद आइसक्रीम पटाखा

## 'हिंदुस्तान की बोली-घर-घर होली' वाली टी-शर्ट आईं

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से करीब 1 साल पहले होली से माहौल बन रहा है। लखनऊ की दुकानों में पिचकारियां आ गई हैं। इनमें मोदी-योगी छाप और धनुष-बाण छाप पिचकारी की धूम है। गुलाल वाले पटाखे भी आ गए हैं। बच्चों को ये सभी पिचकारियां भा रही हैं।

होली की पिचकारी पर पीएम मोदी की तस्वीर के साथ 'हिंदुस्तान की बोली - घर-घर होली' जैसे स्लोगन प्रिंट हैं। पिचकारी में पीएम नरेंद्र मोदी, ब्रह्मोस, कुल्हाड़ी, हथौड़ा और म्यूजिकल ट्रेंड में हैं। इसके अलावा ऐसी सफेद टीशर्ट आई है जो पानी पड़ते ही रंगीन हो जाएगी। होली के इस खास मौके पर सर्राफा मार्केट भी चहक रहा है।



चांदी से बनी पिचकारी, बाल्टी, लड्डू गोपाल, काजू कतली और लड्डू खूब चर्चा में हैं। इस होली पर दिवाली का फील देने के लिए कलर पटाखे लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। रंगीन विग के साथ अलग-अलग डिजाइन के फेस मास्क मार्केट में आए हैं।

कुल्हड़ अनार, 5 से लेकर 16 शॉट वाला स्मोक पटाखा मिल रहा है। इसके साथ ही तीन फ्लेवर वाला आइसक्रीम पटाखा लोगों को खूब भा रहा है, जिसमें से वैनिला, स्ट्रॉबेरी और चॉकलेट के तीन रंगों के साथ खुशबू भी फूटती है।

सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री विनोद महेश्वरी ने बताया कि इस बार चांदी की पिचकारी और बाल्टी का ट्रेंड खासतौर पर देखा जा रहा है। यह होली को और भी भव्य और यादगार बना रहा है। चांदी की पिचकारी सिर्फ एक परंपरा-गत उपहार ही नहीं बल्कि भविष्य के लिए एक आकर्षक निवेश भी मानी जा रही है।

इसे नए जोड़ों और खासकर दामाद को गिफ्ट देने की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है। भगवान के साथ होली खेलने के लिए भी चांदी की पिचकारी का विशेष डिमांड है जिसके लिए लोग लड्डू गोपाल भी खूब खरीद रहे हैं।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर पलटा ट्रक

लखनऊ । लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के जीरो पॉइंट पर शनिवार दोपहर तेज रफ्तार सीमेंट लदा ट्रक पलट गया। वाहन करीब 20 फीट नीचे खंती में जाकर गिरा। अंदर बैठे चालक सहित 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक में फंसे घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

### राधा स्वामी सत्संग में बाबा गुरिंदर बोले- फोटो मत खींचिए

मोहनलालगंज । लखनऊ में मोहनलालगंज के माधव खेड़ा स्थित राधा स्वामी सत्संग व्यास आश्रम में दो दिवसीय सत्संग शुरू हो गया है। यहां शनिवार सुबह 9:30 बजे बाबा गुरिंदर सिंह ने प्रवचन दिया। यह प्रवचन 2 घंटे तक चला। ब्यास के बाद एक युवक ने बाबा से सेल्फी की जिद की। इस पर उन्होंने कहा- अब फोटो बंद कर दिया है। पहले 'हुजूर' से मिलिए। हुजूर जसदीप सिंह गिल राधा स्वामी सत्संग ब्यास (RSSB) के नए संरक्षक और संत सद्गुरु हैं। इन्हें 2 सितंबर 2024 को बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया था।

### ससुर की हत्या का आरोपी दामाद गिरफ्तार

लखनऊ । लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में ससुर की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने फावड़े से हमला कर अपने ससुर को गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है।

यह घटना बीते 22 फरवरी को बंथरा के चक गांव में हुई थी। पूजा रावत का अपने पति संदीप कुमार और ससुराल वालों से विवाद हो गया था।

# महंगी बिजली और इलाज से जनता परेशान विकास कार्य ठप

## अखिलेश यादव का भाजपा पर तीखा हमला



**कन्नौज दौरे में सपा प्रमुख ने किसानों, युवाओं और निवेश के मुद्दे उठाए, कहा- भाजपा सरकार जनता की बुनियादी जरूरतें पूरी करने में विफल**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

कन्नौज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में जनता को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिजली, दवा और इलाज महंगे होते जा रहे हैं, जबकि कैंसर और हृदय रोगियों के लिए पर्याप्त इलाज की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। इसके लिए उन्होंने भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। शनिवार को कन्नौज के एक दिवसीय दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार के समय लगाया गया काऊ मिल्क प्लांट भाजपा सरकार ने बंद कर दिया, जिससे किसानों और दुग्ध उत्पादन को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि आलू किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है और वे एमएसपी की मांग कर रहे हैं। महंगाई के कारण किसानों और आम जनता की आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है, जबकि नौजवान रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की निवेश नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि निवेश के नाम पर केवल समझौते किए गए, लेकिन जमीन पर कोई बड़ा उद्योग स्थापित नहीं हुआ। अगर निवेश आता तो मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान प्रदेश में ही बनते और युवाओं को रोजगार मिलता। सपा प्रमुख ने विदेशी व्यापार और समझौतों का जिक्र करते हुए कहा कि विदेशी सामानों के बढ़ते प्रभाव से देश के बाजार पर असर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बुनियादी विकास कार्यों की बजाय केवल प्रचार पर ध्यान दे रही है। उन्होंने मतदाता सूची और नागरिकता के मुद्दे पर भी चिंता जताते हुए कहा कि लोगों को कागजों के नाम पर परेशान किया जा रहा है।

## रोज़ेदारों के साथ विभिन्न समुदायों की सहभागिता, भाईचारे और सौहार्द का संदेश

# अलमास टावर में भव्य इफ्तार का आयोजन



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । पवित्र रमज़ान माह के अवसर पर बर्लिंगटन चौराहे स्थित अलमास टावर में शनिवार को एक भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन बिल्डिंग के प्रबंधक शमसुद्दीन गाजी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भवन में संचालित विभिन्न कार्यालयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, समाजसेवी संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। पूरे आयोजन में अनुशासन, सौहार्द और आपसी सम्मान का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम में अल अमाना टूर एंड ट्रैवल्स के स्वामी शहजादे खान, क्यूटीएम ट्रैवल के स्वामी मोहम्मद तबरेज तथा रेहान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक तरीके से किया गया और उन्हें रमज़ान की मुबारकबाद दी गई।



**इफ्तार के उपरांत भवन परिसर स्थित मस्जिद के इमाम साहब ने मगरिब की नमाज़ अदा कराई। नमाज़ के पश्चात अल अमाना टूर एंड ट्रैवल्स के स्वामी शहजादे खान की ओर से उपस्थित सभी अतिथियों, कर्मचारीगण एवं रोज़ेदारों के लिए चाय की विशेष व्यवस्था की गई**

आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था में रॉयल प्रोडक्शन के कर्ताधर्ता मोहम्मद फैजान की विशेष भूमिका रही। उनके साथ क्यूटीएम ट्रैवल के कर्मचारीगण—फैजान, कामरान एवं अरविंद—ने व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। एए एसोसिएट की ओर से रेहान भाई ने आयोजन की रूपरेखा तैयार करने से लेकर क्रियान्वयन तक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई। इसके अतिरिक्त शोएब एसोसिएट की ओर से शोएब भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान देते हुए आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

### देश की शांति, समृद्धि, सामाजिक सौहार्द की दुआ

इफ्तार से पूर्व रोजेदारों ने देश की शांति, समृद्धि, सामाजिक सौहार्द और मानव कल्याण के लिए सामूहिक दुआ की। अज़ान होते ही सभी ने खजूर एवं पानी से रोज़ा खोला। इसके पश्चात पारंपरिक व्यंजनों के साथ सामूहिक इफ्तार संपन्न हुआ। आयोजन की विशेषता यह रही कि भवन में स्थित विभिन्न समाजोपयोगी एवं व्यावसायिक कार्यालयों से जुड़े लोग एक साथ पंक्ति में बैठकर इफ्तार करते दिखाई दिए। इस दौरान हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों की समान सहभागिता ने आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहज़ीब की झलक प्रस्तुत की।

## 24 बाबुओं का लखनऊ से बाहर तबादला, बिल वसूली में लापरवाही की थी

# बिजली विभाग के 8 इंजीनियर सस्पेंड

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । बिजली कनेक्शन जारी करने और बिल वसूली में लापरवाही के आरोपों के बीच मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (MVVNL) की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। शनिवार को जांच के बाद लखनऊ में तैनात 8 इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया, जबकि 24 बाबुओं का तबादला जिले से बाहर कर दिया गया है। कार्रवाई से विभाग में हड़कंप मच गया है।

विभागीय जांच में सामने आया कि नए बिजली कनेक्शन देने की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुईं। इसके साथ ही राजस्व वसूली में भी लापरवाही पाई गई। वर्टिकल व्यवस्था के तहत कार्यों की निगरानी में ढिलाई और फाइलों के निस्तारण में देरी को गंभीरता से लिया गया। रिपोर्ट मिलने के बाद MD रिया केजरीवाल ने तत्काल प्रभाव से जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। इंजीनियरों पर कार्रवाई के साथ ही 24 बाबुओं को वर्टिकल व्यवस्था में लापरवाही के आरोप में जिले से बाहर ट्रांसफर कर दिया गया है। माना जा रहा है कि फाइल प्रबंधन, राजस्व रिकॉर्ड और कनेक्शन प्रक्रिया में अनियमितताओं की जिम्मेदारी तय करते हुए यह कदम उठाया गया है।



मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (MVVNL) की प्रबंध निदेशक रिया केजरीवाल।



### ये इंजीनियर हुए सस्पेंड

कार्रवाई के तहत एक्सईएन नीरज कुमार और एई अमित कुमार को निलंबित किया गया है। इसके अलावा एई अनुभव कुमार सिंह और एई प्रशांत कुमार गिरी को भी सस्पेंड कर दिया गया। एई अमित कुमार, जेई दिनेश कुमार, जेई रविन्द्र कुमार और जेई दीपक पांडेय को भी निलंबन का सामना करना पड़ा है। सभी के खिलाफ विभागीय जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

# नादरगंज में ग्रीन गैस लिमिटेड का कमर्शियल गैस कनेक्शन प्रारंभ

**उद्घाटन**

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ। आज महेश नमकीन प्रा. लि., अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज में ग्रीन गैस लिमिटेड के कमर्शियल गैस कनेक्शन का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर दोनों कंपनियों के मैनेजिंग डायरेक्टर्स की गरिमामयी उपस्थिति में फीता काटकर उद्घाटन संपन्न हुआ।

इस नए कमर्शियल गैस कनेक्शन के शुरू होने से महेश नमकीन प्रा. लि. में पर्यावरण के अनुकूल, सुरक्षित एवं निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे उत्पादन प्रक्रियाओं में निरंतरता आएगी तथा ऊर्जा लागत में संतुलन बनाए रखने में भी सहायता मिलेगी।

महेश नमकीन प्रा. लि. के चेयरमैन एवं डायरेक्टर श्री वासुदेव चावला जी ने ग्रीन गैस लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके औद्योगिक संचालन को और अधिक सुरक्षित, आधुनिक एवं पर्यावरण-हितैषी बनाएगा।

इस शुभ अवसर पर दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारीगण एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।




**कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वच्छ ऊर्जा औद्योगिक इकाइयों के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह पहल न केवल ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।**

**घटना : इंदिरा नगर पावर हाउस पर 2 घंटे हंगामा, पत्नी बोली- अधिकारियों की लापरवाही से गई जान**

# करंट से संविदा लाइनमैन की मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में करंट लगने से संविदा लाइनकर्मी की मौत हो गई। वह जगरानी अस्पताल के पास लाइन सही करने पहुंचा था। जैसे ही लाइनमैन ने पोल पर चढ़ने के लिए सीढ़ी लगाई करंट लग गया, जिससे उसका शरीर बुरी तरह झुलस गया। साथी बिजलीकर्मचारी उसे मौके पर छोड़कर भाग गए। घटना शुक्रवार रात हुई।

स्थानीय लोगों ने लाइनमैन को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने कहा-बिजलीकर्मियों की लापरवाही से पति की जान गई। मृतक की पहचान छठामील निवासी परशुराम रावत (45) के रूप में हुई। परशुराम 20 साल से बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैन का काम कर रह थे। उनकी तैनाती भेंड़हापुर, कल्याणपुर में थी। परशुराम का शव गुरुवार को जैसे ही घर पहुंचा, कोहराम मच गया। नाराज लोग शव को लेकर इंदिरा नगर सेक्टर-25 स्थित बिजली विभाग के ऑफिस पहुंच गए। यहां जमकर हंगामा किया। मृतक के परिजनों को मुआवजा और नौकरी दिलाने की मांग की। पुलिस ने परिजनों को समझाकर शव को अंतिम संस्कार के लिए भेजा। छठामील के रहने वाले परशुराम रावत (45) 20 साल से बिजली विभाग में संविदा पर लाइनमैन का काम कर रह थे।



**एक्सईएन अभय प्रताप सिंह ने बताया- मृतक एल.एम.परशुराम हमारे पावर हाउस पर कार्यरत थे। उनकी सेवा शर्त अनुरूप 7.5 लाख रुपए बीमा निश्चित है। यह राशि परिजनों को दी जाएगी।**



परशुराम रावत, मृतक

### बिना शटडाउन पोल पर चढ़ाया

जैसे ही लाइनमैन परशुराम ने सीढ़ी लगाकर पोल पर चढ़ना शुरू किया। उन्हें जोरदार करंट लगा और वह नीचे गिर पड़े। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर मौजूद अन्य कर्मचारियों का आरोप है कि हादसे के बाद जिम्मेदार अधिकारी शव को सड़क पर छोड़कर मौके से फरार हो गए।

### गुस्साए परिजनों ने किया प्रदर्शन

भतीजे दुर्गेश ने बताया- बिना शटडाउन लिए चाचा को पोल पर चढ़ा दिया। सीढ़ी पर चढ़ने के बाद जैसे ही लाइन को हाथ लगाया। तुरंत नीचे गिर गए। इसके बाद सब लोग छोड़कर भाग गए। चाचा को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। शव के पोस्टमॉर्टम के बाद करीब 2 बजे परिजन इंदिरा नगरसेक्टर- 25 स्थित बिजली विभाग के दफ्तर पहुंचे। जहां पर शव रखकर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान मौके पर दो थानों की पुलिस फोर्स पहुंच गई। पुलिस ने समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद बिजली विभाग के अधिकारी पहुंचे। उनसे बातचीत कर उचित मुआवजा और अन्य सुविधाएं का अश्वासन मिलने के बाद मामला शांत हुआ।

### डंपर से ट्रक क्लीनर को कुचला, मौत

सरोजनी नगर, लखनऊ । लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह किसान पथ पर एक डंपर चालक ने ट्रक क्लीनर रौंद कर मार डाला। घटना शनिवार सुबह 10 बजे की है। क्लीनर ने अपने ट्रक में टक्कर मारने वाले डंपर को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान डंपर ड्राइवर उसके ऊपर ट्रक चढ़ाते हुए भाग गया। मृतक की पहचान संदीप (35) के रूप में हुई। संदीप उन्नाव के हसनगंज थाना क्षेत्र सेमरा गांव का था। वह अपने ट्रक चालक फुरकान के साथ झांसी से कॉपी लादकर गोरखपुर जा रहा था। सुबह करीब 10 बजे कानपुर रोड से किसान पथ पर चढ़ने के बाद, नटकुर अंडरपास के पास पीछे से आ रहे डंपर (आरजे 11 जीसी 7531) ने उनके ट्रक के साइड में टक्कर मार दी, जिससे साइड शीशा टूट गया। यहीं विवाद हो गया जिसके बाद डंपर ड्राइवर संदीप के ऊपर गाड़ी चढ़ाते हुए भाग गया। टक्कर के बाद, क्लीनर संदीप नीचे उतरा और डंपर रुकवाकर चालक का विरोध करने लगा।

# फॉर्च्यूनर ने परिवार को रौंदा, मासूम की मौत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मोहनलालगंज । निगोहां थाना क्षेत्र में स्थित नगराम मोड़ के पास बीती शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि दंपति और उनकी दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। निगोहां के उतरावां गांव निवासी मजदूर सर्वेश शुक्रवार रात करीब 10 बजे अपनी पत्नी रामदुलारी और तीन बच्चों जान्हवी (7), मानवी (6) व शमशेर (2) के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। वे रायबरेली जिले के सब्जी गांव स्थित अपनी ससुराल से आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नगराम मोड़ के पास पहुंची, लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर कार ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपती और तीनों बच्चे दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया। वहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।



- दंपती समेत 4 लोग घायल, नगराम मोड़ पर हादसा, ड्राइवर फरार

### 56 कंपनियों की सहभागिता, 6865 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीकरण, 1589 का चयन प्रथम चरण में

# मिशन रोजगार के तहत वृहद रोजगार मेला सफल

**आयोजन**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकर नगर में "मिशन रोजगार" योजना के तहत शनिवार को देव इन्द्रावती पीजी कॉलेज परिसर में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन सफलता-पूर्वक संपन्न हुआ। मेले का शुभारंभ विधायक हरिओम पांडे और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने दीप प्रज्वलन कर किया।

रोजगार मेले में कुल 56 प्रतिष्ठित कंपनियों ने स्टाल लगाकर सहभागिता की। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि कुल 6865 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 1589 अभ्यर्थियों को प्रथम चरण में चयनित किया गया। अंतिम चयन सूची संबंधित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत जारी की जाएगी। मेलें में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल, इंटरमी-डिएट और उच्चतर शिक्षा प्राप्त अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में भागीदारी पूरी तरह निःशुल्क थी। अधिकारियों ने संकेत दिया कि भविष्य में भी "मिशन रोजगार" योजना के तहत रोजगार मेलों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा। इसके जरिए युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ कौशल विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।




**जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लगभग 7000 युवाओं के स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर और सुगम अवसर मिल सकेंगे।**

**सुव्यव-स्थित और शांतिपूर्ण आयोजन**

रोजगार मेला सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला सहित श्रम, उद्योग और संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। मेले के दौरान अभ्यर्थियों और कंपनियों के बीच संवाद स्थापित हुआ। अभ्यर्थियों ने रोजगार अवसरों और चयन प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्राप्त की। कंपनियों ने भी युवाओं की दक्षता और उनके कौशल का आकलन किया।



**चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र**

चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे ने चयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्या-णकारी योजनाओं की जानकारी दी और युवाओं के लिए रोजगार सृजन में सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि मिशन रोजगार के माध्यम से स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कंपनियों को निर्देशित किया कि चयनित युवाओं को यथासंभव जनपद में ही रोजगार प्रदान किया जाए। जिन कंपनियों ने जनपद से बाहर रोजगार देने का निर्णय लिया है, उनके लिए सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और ईपीएफ जैसी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# एनटीपीसी टांडा का निःशुल्क नेत्र शिविर संपन्न, 116 ऑपरेशन

## 23 से 27 फरवरी तक चला चिकित्सकीय अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। एनटीपीसी टांडा परियोजना की ओर से नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत महामाया राजकीय एलोपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सकीय एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। पांच दिवसीय शिविर में 116 जरूरतमंद मरीजों का सफल-तापूर्वक ऑपरेशन एवं उपचार किया गया। यह शिविर 23 से 27 फरवरी 2026 तक संचालित हुआ, जिसमें विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों की टीम ने चयनित मरीजों की जांच के बाद मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए। सभी ऑपरेशन निर्धारित चिकित्सकीय मानकों के अनुसार संपन्न किए गए।



शिविर के दौरान पहले चरण में मरीजों की नेत्र जांच की गई। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद ऑपरेशन योग्य मरीजों का चयन किया गया। इसके पश्चात आधुनिक उपकरणों और मानक प्रक्रियाओं के तहत मोतियाबिंद सर्जरी की गई। चिकित्सा महाविद्यालय के ऑपरेशन थिएटर में विशेषज्ञ टीम की निगरानी में ऑपरेशन संपन्न हुए। ऑपरेशन के बाद मरीजों को आवश्यक दवाएं और परामर्श उपलब्ध कराया गया। चिकित्सकों ने फॉलोअप जांच की व्यवस्था भी सुनिश्चित की। समापन अवसर पर टांडा परियोजना के कार्यकारी निदेशक जयदेव परिदा तथा अपर महाप्रबं-धक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान मौजूद रहे। उन्होंने भर्ती मरीजों से मुलाकात कर स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली।

**116 मरीजों को मिला लाभ**

शिविर के दौरान कुल 116 मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज और ऑपरेशन किया गया। इनमें ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों की संख्या अधिक रही।

चिकित्सकीय टीम ने बताया कि समय पर सर्जरी से मरीजों की दृष्टि में सुधार संभव हुआ है। शिविर का उद्देश्य ऐसे मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना था, जो नियमित उपचार नहीं करा पाते।

**फास्ट न्यूज**

### ट्रेन में 10 लाख के गहनों से भरा बैग चोरी

प्रयागराज । प्रयागराज जंक्शन पर चोरी की एक चौंका देने वाली वारदात सामने आई है। महाराष्ट्र से लौट रहे पिता-पुत्री की सीट के नीचे रखा 10 लाख रुपये के गहनों से भरा बैग चोर उड़ा ले गए। ट्रेन के मऊ पहुंचने पर पीड़ित ने एफआईआर दर्ज कराई। मामला अब प्रयागराज जीआरपी को ट्रांसफर कर दिया गया है। 56 वर्षीय अजीत सिंह मऊ जिले के सहादतपुरा मोहल्ले के निवासी हैं।

### अखंड रामचरितमानस पाठ के बाद यज्ञ

अम्बेडकर नगर । जिले के विकासखंड जहाँगीरगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरपुर वर्जी स्थित योधी ब्रह्मबाबा स्थान पर रामचरितमानस अखंड पाठ का आयोजन किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के समापन के उपरांत शनिवार को मंदिर परिसर में वैदिक विधि-विधान से यज्ञ संपन्न कराया गया। रामचरितमानस पाठ का श्रवण करने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। शनिवार को आयोजित यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में शशिकांत मिश्रा तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे। यज्ञ की विधियां पं. विद्यानंद मिश्रा और ओम मिश्रा ने संपन्न कराईं। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा।

### 'विकसित भारत युवा संसद संवाद' के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता

अम्बेडकर नगर । अकबर-पुर स्थित बी.एन.के.बी. पी.जी. कॉलेज, अकबरपुर परिसर में शनिवार को 'विकसित भारत@2047' अभियान के अंतर्गत 'विकसित भारत युवा संसद संवाद' कार्यक्रम के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और उच्च गुणवत्ता के साथ संपन्न हुआ।

## रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय का 27वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। रमाबाई राजकीय महिला महाविद्यालय, अकबरपुर में 27वां वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह एवं शिक्षक-अभि-भावक समागम शुक्रवार को उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ हरिओम पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद, अयोध्या द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरविंद कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि रामनाथ राम का स्वागत डॉ रवीन्द्र कुमार वर्मा ने किया। समारोह में शिक्षक, अभिभावक और छात्राओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को उत्सवमय बना दिया। अंशिका मिश्रा और अंजली भट्ट ने नृत्य और गीत प्रस्तुत कर दर्शकों की सराहना प्राप्त की। समूह नृत्य में छात्राओं ने



होली गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। 'सांस्कृतिक रश्मियां' शीर्षक से प्रस्तुत नृत्य-नाटिका विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसमें पौराणिक कथाओं से लेकर आधुनिक भारत की प्रगति तक की झलक मंच पर दिखाई गई। छात्राओं ने भारतीय संस्कृति, परंपराओं और जीवन मूल्यों को गीत, नृत्य और नाट्य रूपांतरण के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

समारोह के दौरान 'मेधावी अलंकरण सत्र' आयोजित किया गया। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### 494.09 लाख रुपये खर्च होंगे, सात किमी क्षेत्र को मिलेगा लाभ

# पांच ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण को मंजूरी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत करने की दिशा में पांच महत्वपूर्ण मार्गों के नवनिर्माण को स्वीकृति मिल गई है। इन सड़कों के निर्माण पर कुल 494.09 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सभी मार्गों की कुल लंबाई लगभग सात किलोमीटर है, जिससे हजारों ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध होगी।

लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड) के अनुसार स्वीकृत परियोज-नाओं का प्रशासनिक और वित्तीय अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। वित्तीय वर्ष के समापन को देखते हुए विभाग निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की तैयारी में जुटा है। अधिकारियों का कहना है कि बजट का समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।



इन सड़कों के निर्माण से संबंधित गांवों के निवासियों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। वर्तमान में कई मार्ग कच्चे या जर्जर स्थिति में हैं, जिससे आवागमन में दिक्कतें होती हैं। नई सड़कों के बनने से स्कूल, बाजार, स्वास्थ्य केंद्र और अन्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।

स्थानीय स्तर पर लंबे समय से इन मार्गों के सुधार की मांग की जा रही थी। प्रस्ताव स्थानीय एमएलसी हरिओम पांडेय द्वारा दिया गया था।

**किन-किन मार्गों को मिली स्वीकृति**

स्वीकृत पांच मार्गों में राजस्व ग्राम अमरौला का डड़वा संपर्क मार्ग शामिल है, जिस पर 126.16 लाख रुपये व्यय होंगे। राजस्व ग्राम पलई कल्यानपुर के डड़वा दयालीपुर संपर्क मार्ग के लिए 96.27 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। राजस्व ग्राम भरहपुर के हरिजन बस्ती संपर्क मार्ग पर 113.45 लाख रुपये खर्च होंगे। राजस्व ग्राम जैनापुर के गोडियाना संपर्क मार्ग के लिए 82.71 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा राजस्व ग्राम कटुई के पहाडपुर संपर्क मार्ग पर 76.50 लाख रुपये की लागत आएगी।

## मीना मंच में अंधविश्वास उन्मूलन व आत्मरक्षा पर जागरूकता

### उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । जलालपुर क्षेत्र स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती, भियांव में शनिवार को मीना मंच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए शैक्षिक और जागरूकता संबंधी गतिविधियां कराई गईं।

कार्यक्रम के सुगमकर्ता राजकरन प्रजापति के निर्देशन में ऑनलाइन मॉड्यूल के माध्यम से अंधविश्वास पर आधारित रोल प्ले प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना था। कार्मिक बुक के अंतर्गत राघवेंद्र और कार्तिक ने "प्याज की कहानी" पर आधारित चुटकुले प्रस्तुत किए। बर्फ, टमाटर और प्याज से संबंधित गतिविधियों के जरिए बच्चों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई।

कार्यक्रम में कॉमिक बुक का



वाचन कराया गया। "प्रगति के पंख" गतिविधि के तहत डॉजबॉल खेल का आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में टीम भावना और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा मिला।

महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा के विषय पर भी जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। वीरांगना पोर्टल के माध्यम से आत्मरक्षा प्रशिक्षण से संबंधित वीडियो दीक्षा एप पर प्रदर्शित किया गया। छात्र-छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, 1076 और 181 की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान पीटी गतिविधि भी कराई गई।

# होली को लेकर हाई अलर्ट

## 1940 होलिका दहन स्थलों पर पुलिस तैनात

**5 जोन, 18 सेक्टर और 2 सुपर जोन में बांटा गया जनपद, ड्रोन से निगरानी**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । होलिका दहन और होली पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक पुलिस व्यवस्था लागू की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने जनपदवा-सियों को पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि त्योहार को प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।

पुलिस प्रशासन के अनुसार जनपद में कुल 1940 होलिका दहन स्थलों पर पूर्व से ही पुलिस ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। इसके अतिरिक्त होली के अवसर पर



निकलने वाले 21 जुलूसों के लिए बॉक्सवार ड्यूटी लगाते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए 25 क्विक रिस्पॉन्स टीम (QRT) का गठन किया गया है। इन टीमों को विभिन्न संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर तैनात किया गया है, जिससे आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई संभव हो सके। संवेदन-शील स्थलों पर सेक्टर और जोनल ड्यूटी के साथ निरंतर पैदल गश्त और मोबाइल पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई है।

**संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता**

संपूर्ण जनपद को सुरक्षा की दृष्टि से 5 जोन, 18 सेक्टर और 2 सुपर जोन में विभाजित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को जोन और सेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय स्थापित कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। ऐसे स्थानों पर रूफटॉप ड्यूटी लगाई गई है। ड्रोन कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

**शराब पीकर वाहन चलाने पर सख्ती**

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शराब पीकर वाहन चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा और संदिग्ध वाहनों की जांच की जाएगी।

**महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस**

होली के दौरान महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एंटी रोमियो टीम का विशेष डिप्लॉयमेंट किया गया है। बाजार, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर टीम सक्रिय रहेगी। किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अभद्रता की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# 3 मार्च को चंद्रग्रहण काशी में शाम 5:59 से शुरू 6:48 बजे मोक्ष

## सूर्योदय के कारण प्रारंभिक समय मान्य नहीं, सूतक सुबह 9 बजे से

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । 3 मार्च 2026, मंगलवार को चंद्रग्रहण लगेगा। खगोलीय गणना के अनुसार ग्रहण का स्पर्श काल सायं 4 बजकर 24 मिनट से बताया गया है, लेकिन दिन में सूर्य के अस्त न होने की स्थिति में चंद्रग्रहण मान्य नहीं होता। काशी की गणना के अनुसार ग्रहण का वास्तविक प्रभाव शाम 5 बजकर 59 मिनट से प्रारंभ माना जाएगा।

ग्रहण का मोक्ष काल 6 बजकर 48 मिनट पर होगा। यह समय काशी क्षेत्र के अनुसार निर्धारित किया गया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इसी अवधि में ग्रहण संबंधी धार्मिक नियम प्रभावी रहेंगे।

ग्रहण काल के दौरान गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस



अवधि में काटना, पीसना, सिलाई करना, पैर मोड़कर बैठना, सोना, भोजन करना या किसी बंद डिब्बे को खोलना वर्जित बताया गया है। मान्यता है कि इन कार्यों से बचना चाहिए। ज्योतिषाचार्य उत्कर्ष तिवारी के अनुसार ग्रहण के दौरान संयम और सावधानी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ग्रहण समाप्ति के बाद स्नान करना चाहिए। इसके पश्चात मंदिर और घर में गंगाजल का छिड़काव कर पूजा-अर्चना तथा दान करना शुभ माना जाता है। धार्मिक परंपरा के अनुसार ग्रहण मोक्ष के बाद स्नान करने की परंपरा है। इसके बाद घर और मंदिरों में गंगाजल छिड़ककर शुद्धिकरण किया जाता है। श्रद्धालु अपनी आस्था के अनुसार दान-पुण्य भी करते हैं।

**सूतक सुबह 9 बजे से प्रभावी**

चंद्रग्रहण से 9 घंटे पूर्व सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। इस आधार पर 3 मार्च को सुबह 9 बजे से सूतक प्रभावी रहेगा। सूतक काल में भोजन करना और मूर्ति पूजा वर्जित मानी जाती है। मंदिरों में नियमित पूजन-कार्य भी ग्रहण समाप्ति के बाद ही पुनः आरंभ किए जाते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक लगते ही मंदिरों के पट बंद कर दिए जाते हैं। घरों में भी पूजन, हवन या किसी प्रकार के शुभ कार्य नहीं किए जाते।

## थाना समाधान दिवस पर कोतवाली अकबरपुर में जनसुनवाई

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली अकबरपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

थाना परिसर में आयोजित जनसु-नवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने जमीन विवाद, आपसी रंजिश, राजस्व संबंधित प्रकरण तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम के माध्यम से निस्तारण सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



**पुलिस अधीक्षक ने सुनीं शिकायतें, त्वरित निस्तारण के निर्देश**

स्पष्ट किया गया कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान करना है। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए और निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई पूरी की जाए।

**कार्यक्रम : 1.86 करोड़ परिवारों को 1500 करोड़ रुपये की सौगात**

# उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क गैस रिफिल राशि का वितरण

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को निःशुल्क रसोई गैस सिलेण्डर रिफिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा यह वितरण लोक भवन लखनऊ से किया गया और इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और महिला लाभार्थियों के समक्ष किया गया।

उज्ज्वला योजना का उद्देश्य माताओं और बहनों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक ईंधन उपलब्ध कराना है। इससे लकड़ी और कोयले के धुएं से होने वाले स्वास्थ्य जोखिम कम होंगे।



लाभार्थियों को अब रसोई गैस पर खाना पकाने में आसानी होगी और धुएं से आंखों और श्वसन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

जनप्रतिनिधियों ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित कर रही है। उज्ज्वला योजना इसके प्रमुख उदाहरणों में से एक है। सरकार द्वारा लाभार्थियों को निःशुल्क गैस रिफिल मुहैया कराना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लाभार्थियों की भारी उपस्थिति रही। जनप्र-तिनिधियों और अधिकारियों ने उन्हें योजना के लाभ और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सभी ने होली पर्व की शुभकामनाएं भी प्रदान की। उज्ज्वला योजना के तहत कुल 1.86 करोड़ परिवारों को 1500 करोड़ की राशि में निःशुल्क गैस रिफिल उपलब्ध कराई गई।



**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की उपस्थिति**

कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, अध्यक्ष जिला पंचायत श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल सिंह और जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। उपस्थित लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक के माध्यम से निःशुल्क गैस रिफिल राशि वितरित की गई।

## जलालपुर में पीस कमेटी की बैठक त्योहार शांतिपूर्वक मनाने पर जोर

### होलिका दहन पारंपरिक स्थलों पर ही होगा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । जलालपुर कोतवाली परिसर में आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम राहुल गुप्ता ने की। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ जनप्रतिनि-धियों, व्यापारियों तथा स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

एसडीएम राहुल गुप्ता ने स्पष्ट किया कि होलिका दहन उन्हीं पारंपरिक स्थलों पर किया जाए, जहां पूर्व वर्षों में होता आया है। नए स्थानों पर आयोजन की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने कहा कि होली का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। संवेदनशील स्थलों की निगरानी बढ़ाई जाएगी और आवश्य-कतानुसार पुलिस बल तैनात रहेगा।

सीओ अनूप कुमार सिंह ने कहा



कि त्योहार मनाते समय दूसरे समुदायों की धार्मिक भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक हरकत या टिप्पणी से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि उल्लास के दौरान कानून व्यवस्था प्रभावित करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कोतवाल अजय प्रताप यादव ने कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दिन शराब का सेवन न किया जाए और न ही किसी को करने दिया जाए। हुड़दंग, जबरन रंग लगाने या सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ने पर तत्काल कार्रवाई होगी।

# सम्पादकीय

## नवाचार के जरिये अपनी क्षमता प्रदर्शित करने की हुई बात



जट के बाद 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार एवं वित्त' विषय एक वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह जो कहा कि भारतीय कंपनियों को नए निवेश एवं नवाचार के साथ आगे आना चाहिए, उस पर उन्हें सकारात्मकता के साथ अपनी सक्रियता का परिचय देना चाहिए। प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत से बजट घोषणाओं का लाभ उठाने का आग्रह भी किया। कायदे से तो ऐसे किसी आग्रह की आवश्यकता ही नहीं पड़नी चाहिए। उद्योग जगत को स्वतः सक्रिय हो जाना चाहिए। यह पहली बार नहीं, जब प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को नवाचार के जरिये अपनी क्षमता प्रदर्शित करने को कहा हो। वे इसके साथ ही यह भी कहते रहे हैं कि उद्योग जगत को वैश्विक प्रतिस्पर्धा का सामना करने में सक्षम बनना चाहिए और शोध एवं विकास में निवेश करना चाहिए। विडंबना यह है कि हमारे ऐसे बड़े कारोबारी भी यह काम नहीं कर रहे हैं, जिनके पास पूंजी की कोई कमी नहीं। वे नवाचार के नाम पर ऐसे नए काम अधिक हाथ में लेते हैं, जिनसे कम समय में आसानी से धन अर्जित किया जा सके। यही कारण है कि वे ऐसे कोई उत्पाद तैयार नहीं कर पा रहे हैं, जिनकी देश के साथ दुनिया में भी मांग हो। यह सामान्य बात नहीं कि चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के बाद भी चंद भारतीय उत्पाद ही ऐसे हैं।

# होलिका दहनःदैवीय न्याय का प्रतिपादन



डॉ.उदयराज मिश्र

"सामाजिक-मनोवैज्ञानिक शुद्धि का सामूहिक संस्कार है। अतः होलिका दहन केवल एक ऐतिहासिक घटना की स्मृति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का जीवंत दार्शनिक उत्सव है-जहाँ अग्नि में जलती है होलिका, परंतु सुरक्षित रहता है।

होलिका दहन केवल एक लोक–उत्सव नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता की उस सांस्कृतिक स्मृति का जीवंत प्रतीक है जिसमें धर्म की विजय, अधर्म का दहन और भक्ति की अमरता प्रतिष्ठित है।इस पर्व से यह शिक्षा मिलती है कि भले ही यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः का समवेत स्वरों में उद्घोष भारतीय संस्कृति का प्रधान आवश्यक अंग है किंतु यदि कोई नारी अनुसूया,सीता,पार्वती,मीरा,राधा,सुलोचना आदि की परम्परा से हटकर अन्याय और अधर्म के पथ का अनुसरण करती है तो उसको भी दंडित करना लोककल्याण और धर्म की दृष्टि से सर्वथा धर्मयुक्त है। पुराणों में होलिका कथा का मूलाधार प्रह्लाद चरित्र के संदर्भ में मिलता है, जिसका सर्वाधिक दार्शनिक निरूपण श्रीमद्भागवत महापुराण में है तथा घटनात्मक स्पष्टता विष्णु पुराण में मिलती है।विष्णु पुराण में उल्लेख है— ततः प्रह्लादमादाय होलिका वह्निमाविशत्।तत्र दग्धा स्वयं होलिका प्रह्लादो न दह्यते॥ अर्थात् होलिका जोकि प्रह्लाद की सगी बुआ थी,वह अपने भतीजे प्रह्लाद को लेकर मारने की दृष्टि से अग्नि में प्रविष्ट हुई; स्वयं दग्ध हो गई, परंतु भक्त प्रह्लाद सुरक्षित रहे।कुछ सनातन विरोधियों द्वारा कुतर्क किया जाता है कि होली का त्यौहार एक महिला पर अत्याचार का उदाहरण है।कदाचित ऐसे विधर्मियों को यह पता नहीं होता कि वैदिक काल से लेकर आजतक जो भी पुरुष या स्त्री किसी अबोध शिशु की हत्या करता है या करने का प्रयास करता है,उसे कठोर दंड दिया जाता है।आज भी अस्पतालों में शिशुओं की चोरी जैसा अपराध यत्र तत्र होता रहता है,जोकि दंडनीय है।इस प्रकार होली का पर्व लिंग के आधार पर कोई भी विभेदन नहीं करने की शिक्षा देता है।यह बताता है कि जो भी अपराधी है,उसे दंड मिलना ही चाहिए और कि यदि यह दंड ईश्वर ही दें तो और भी सुंदर है।इसी प्रकरण में भागवत में हिरण्यकशिपु के अत्याचारों का वर्णन करते हुए अग्नि–प्रयोग का संकेत मिलता है। यह कथा केवल एक चमत्कारिक घटना नहीं, बल्कि दैवी न्याय का उद्घोष है। ऐतिहासिक एवं लोकपरंपरागत विकास के क्रम में भी होली का वैदिक अग्नि–संस्कार से संबंध मन जाता है। वैदिक युग में अग्नि शुद्धि, तप और यज्ञ का प्रतीक थी।आज भी जैसे सोने को आग में तपाकर उसकी शुद्धता परखी जाती है,पूरा वैदिक काल में भी अग्नि परीक्षा द्वारा भक्त की पहुंच का ज्ञान होता था।होली का त्यौहार एक राक्षस के पुत्र की भगवद्भक्ति की पराकाष्ठा का पर्व है,जो यह बताता है कि आचरण की श्रेष्ठता ही सर्वोत्तम है।जैसा कि "अग्नि" को देवताओं का मुख कहा गया— होलिका दहन संभवतः वैदिक अग्नि–संस्कार की लोकपरंपरा का रूपान्तर है, जिसमें अग्नि द्वारा पाप और अशुभ का दहन किया जाता था। देखा जाय तो पौराणिक आख्यानों के अनुसार गुप्तोत्तर काल से पुराणों के प्रसार के साथ प्रह्लाद कथा लोकजीवन में लोकप्रिय हुई। उत्तर भारत में फाल्गुन पूर्णिमा को "होलिका दहन" के रूप में इस प्रसंग का नाटकीय स्मरण प्रारंभ हुआ। जबकि ब्रजमंडल में यह उत्सव नृसिंह और प्रह्लाद की स्मृति से जुड़ा है।राजस्थान और मध्यप्रदेश में होलिका की प्रतिमा बनाकर दहन की परंपरा है।दक्षिण भारत में "कामदहनम्" की कथा भी कहीं-कहीं इससे जुड़ जाती है। होली पर्व का सांस्कृतिक अर्थ एवं सामाजिक मनोविज्ञान प्रदर्शित करता है कि होलिका अहंकार और दुरुपयोग की प्रतीक है। शक्ति का दुरुपयोग स्वयं विनाश का कारण बनता है — यह भारतीय नैतिकता का मूल संदेश है। जबकि प्रह्लाद की अटल श्रद्धा सनातन संस्कृति में यह आदर्श स्थापित करती है कि— भक्ति में स्थित व्यक्ति अग्नि जैसी विपत्ति से भी निर्भय रहता है।होलिका दहन सामाजिक-मनोवैज्ञानिक शुद्धि का अनुष्ठान है।लोग अपनी नकारात्मक प्रवृत्तियों—ईर्ष्या, द्वेष, अहंकार—का प्रतीकात्मक दहन करते है।होलिका दहन का तात्पर्य केवल दुष्ट के अंत से नहीं, बल्कि चेतना के शोधन से है।होलिका को प्राप्त वरदान धर्म–विरुद्ध प्रयुक्त हुआ, अतः निष्फल हुआ।यह सिद्धान्त गीता के कर्म-सिद्धान्त से साम्य रखता है—अधर्मेण जयते न कश्चन। होली पर्व के संबंध में भागवत सिद्धान्त कहता है—भक्तपराधीनो ह्यस्मि" अर्थात् भगवान भक्त के प्रति अनुग्रही और रक्षक हैं। मध्यकाल में यह उत्सव सामाजिक समरसता का प्रतीक बना। गाँवों में सामूहिक अग्नि प्रज्वलित कर लोग वर्गभेद भूलकर एकत्र होते थे। आधुनिक भारत में भी यह उत्सव—सामाजिक एकता,सांस्कृतिक निरंतरता तथा धार्मिक चेतना का प्रतीक है।परंतु वर्तमान में पर्यावरणीय दृष्टि से संयमित, प्रतीकात्मक और हरित होलिका दहन की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। होलिका दहन का सांस्कृतिक इतिहास यह स्पष्ट करता है कि—यह उत्सव पुराणों की कथा से प्रेरित है। सामाजिक-मनोवैज्ञानिक शुद्धि का सामूहिक संस्कार है।अतः होलिका दहन केवल एक ऐतिहासिक घटना की स्मृति नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का जीवंत दार्शनिक उत्सव है—जहाँ अग्नि में जलती है होलिका, परंतु सुरक्षित रहता है प्रह्लाद — अर्थात् नष्ट होता है अहंकार, और अमर रहती है भक्ति।यह पर्व इस सिद्धांत को पुनर्स्थापित करता है कि जब जब भी शक्ति सम्पन्न लोगों द्वारा धर्म और न्याय का गला घोंटा जाता है,जब जब व्यवस्थाएं अधर्म का साथ देती हैं,उन्हें बढ़वा देती हैं,तब दैवीय न्याय सभी प्रकार के अधर्म युक्त कृत्यों का नाश करता है। इस प्रकार होली का पर्व दैवीय न्याय का पर्व है।



## जीवन के सम्यक विकास के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण आवश्यक



विज्ञान मानव को जीवन जीने की एक दृष्टि देता है। चिंतन की आधारभूमि भेंट कर चलने को उजास भरा पथ प्रदान करता है। वास्तव में विज्ञान जीवन से जडता, अविद्या, अंधविश्वास, अतार्किता एवं संशय से मुक्ति का नाम है। विज्ञान व्यक्ति को तर्कशील एवं प्रयोगधर्मी बनाकर सवाल खड़े करने की सामर्थ्य पैदा करता है। विज्ञान मानवीय मेधा का उच्चतम आदर्श है। वसुधा के सौंदर्य को अक्षुण्ण बनाये रखते हुए प्राणिमात्र के लिए प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपभोग का मार्गदर्शन ही विज्ञान है। विज्ञान में समस्या है तो समाधान भी, कल्पना है तो प्रयोग भी। सवाल हैं तो उत्तरों की तह तक पहुंच सत्य का साक्षात्कार करने का सत्संकल्प भी। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के माध्यम से हम इस भाव एवं चेतना को सिंचित कर समृद्ध करते हैं। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् एवं विज्ञान मंत्रालय द्वारा युवाओं एवं बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं विज्ञान अध्ययन के प्रति रुचि उत्पन्न करने के उद्देश्य से 1986 से प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी, 1928 को ही सी.वी. रमन ने लोक सम्मुख अपनी विश्व प्रसिद्ध खोज 'रमन प्रभाव' की घोषणा की थी। 'रमन प्रभाव' के लिए ही 1930 में सी.वी. रमन को नोबेल पुरस्कार मिला था। सी.वी. रमन एशिया के पहले भौतिक शास्त्री थे जिन्हें नोबेल पुरस्कार मिला है। अमेरिकन केमिकल सोसायटी ने 1998 में 'रमन प्रभाव' को अन्तरराष्ट्रीय विज्ञान के इतिहास की एक युगान्तकारी घटना के रूप में स्वीकार किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस वास्तव में 'रमन प्रभाव' के स्मरण के साथ ही मानव जीवन के सम्यक विकास के लिए वैज्ञानिक चिंतन एवं दृष्टिकोण अपनाने का दिन है, जिसकी हमें जरूरत है। चंद्रशेखर वेंकटरमन का जन्म 7 नवम्बर, 1888 को तमिलनाडु में कावेरी के तट पर स्थित तिरुचिरापल्ली नामक स्थान पर एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। आपकी माता पार्वती अम्मा कुशल गृहिणी एवं पिता चन्द्रशेखर भौतिकशास्त्र एवं गणित के प्राध्यापक थे। घर पर एक समृद्ध लघु पुस्तकालय था तो तार वाद्ययंत्रों का संचय भी। संगीत में रुचि के चलते वीणा वादन पिता जी की नित्य साधना थी। वीणा के तारों के कम्पन से निकली मधुर ध्वनि बालक रमन को अपनी ओर खींचती।

प्रमोद दीक्षित मलय

## भारत जैसे लोकतंत्र...

सौरभ वार्ष्णेय

# एनसीईआरटी किताबें राजनीति से कब दूर होंगी ?



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) एक स्वायत्त संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1961 में भारत सरकार द्वारा की गई थी। इसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य गुणात्मक शैक्षिक विकास के लिए नीतियों और कार्यक्रमों पर केंद्र और राज्य सरकारों को सहायता और सलाह देना था। स्कूली शिक्षा से संबंधित क्षेत्रों में अनुसंधान करना, उसे बढ़ावा देना और समन्वय करना; मॉडल पाठ्य पुस्तकों, पूरक सामग्री, समाचार पत्र, पत्रिकाओं को तैयार और प्रकाशित करना तथा शैक्षिक किट, मल्टीमीडिया डिजिटल सामग्री आदि का निर्माण करना, शिक्षकों के सेवा-पूर्व और सेवाकालीन प्रशिक्षण का आयोजन करना आदि इसकी संघटक इकाइयों के प्रमुख उद्देश्य हैं लेकिन यह राजनीति से कब दूर होंगी। हाल ही में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े अंश को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है हालांकि यह विवाद नया नहीं है वरन पुरानी बोतल में नई शराब है। सवाल यह है कि क्या विद्यार्थियों को न्यायपालिका की कमियों और चुनौतियों से अवगत कराना चाहिए, या ऐसी सामग्री संस्थाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाती है? यह बहस केवल एक अध्याय या पैराग्राफ तक सीमित नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक पारदर्शिता, शिक्षा की स्वतंत्रता और संस्थागत जवाबदेही जैसे बड़े मुद्दों से जुड़ी है। भारत का लोकतंत्र तीन स्तंभों—विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका—पर टिका है। इनमें न्यायपालिका को अंतिम संरक्षक माना जाता है। ऐसे में यदि पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका के भीतर भ्रष्टाचार की आशंका या उदाहरणों का उल्लेख होता है तो कुछ लोगों को यह संस्थान की छवि पर आघात जैसा लगता है। लेकिन दूसरी ओर, लोकतंत्र का मूल तत्व ही यह है कि किसी भी संस्था को आलोचना और समीक्षा से परे नहीं रखा जा सकता। शिक्षा का उद्देश्य केवल संस्थाओं का महिमामंडन करना नहीं बल्कि छात्रों में आलोचनात्मक सोच विकसित करना भी है। यदि इतिहास, राजनीति विज्ञान या समाजशास्त्र की किताबों में केवल आदर्श चित्र ही दिखाया जाए और वास्तविक चुनौतियों पर पर्दा डाल दिया जाए, तो विद्यार्थी अधूरी समझ के साथ बड़े होंगे। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के आरोप कोई कल्पना नहीं, बल्कि समय-समय पर सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा रहे हैं। पारदर्शिता और आत्ममंथन से ही संस्थाएं मजबूत होती हैं। हालांकि, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि ऐसे विषयों को संतुलित और तथ्यात्मक ढंग से प्रस्तुत किया जाए। सनसनीखेज भाषा या एकतरफा दृष्टिकोण से छात्रों के मन में अविश्वास का भाव पैदा हो सकता है। इसलिए पाठ्यपुस्तकों में यदि 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' जैसे विषय शामिल हों, तो उनके साथ सुधारात्मक कदमों, न्यायिक जवाबदेही की व्यवस्थाओं और संस्थागत सुधारों का भी उल्लेख होना चाहिए। इस विवाद के पीछे व्यापक प्रश्न यह है कि क्या हम अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं को इतना परिपक्व मानते हैं कि वे आलोचना सह सकें? यदि हां, तो पाठ्यपुस्तकों में चुनौतियों का उल्लेख लोकतंत्र की मजबूती का संकेत होना चाहिए, न कि कमजोरी का। अंततः, समाधान संतुलन में है—न तो संस्थाओं की अंधभक्ति और न ही अनावश्यक अविश्वास। शिक्षा का दायित्व है सच को तथ्यात्मक, जिम्मेदार और संतुलित रूप में प्रस्तुत करना। तभी आने वाली पीढ़ी लोकतंत्र को समझेगी, प्रश्न पूछेगी और उसे बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाएगी। वहीं की पाठ्यपुस्तकों से 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी कुछ अंशों को हटाने या संशोधित करने को लेकर बहस तेज हो गई है। शिक्षा जगत, राजनीतिक दलों और अभिभावकों के बीच यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या छात्रों को संस्थाओं की कमजोरियों से अवगत कराना चाहिए या केवल आदर्श तस्वीर ही प्रस्तुत की जानी चाहिए? पाठ्यपुस्तकें केवल जानकारी का माध्यम नहीं बल्कि सोचने की दिशा भी तय करती हैं। अगर किसी पुस्तक में न्यायपालिका की भूमिका, उसकी स्वतंत्रता और उसके सामने आने वाली च ुन ौतिय ों— ज ैस े भ्रष्टाचार—का उल्लेख होता है, तो वह विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं की जटिलता समझने में मदद करता है। भारत जैसे लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट इंडिया और उच्च न्यायालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रहनी चाहिए, लेकिन उनकी आलोचना या समस्याओं पर विमर्श भी लोकतंत्र का हिस्सा है। किसी भी संस्था में भ्रष्टाचार का उल्लेख करना उस संस्था को बदनाम करना नहीं बल्कि सुधार की संभावना को स्वीकार करना है।

## ऊपर से अति...

डॉ घनश्याम बादल

# शराब नीति घोटाला कांडः सवाल खड़े करता महत्वपूर्ण फैसला



अदालत ने सीबीआई को फटकार लगाते हुए आपके अध्यक्ष एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ मनीष सिसोदिया एवं अन्य सभी अभियुक्तों को शराब घोटाला कांड से ससम्मान बरी कर दिया है. हालांकि इस फ़ैसले के ख़िलाफ़ सरकार फिर से अदालत में जाएगी लेकिन न्यायालय के इस फैसले ने कई सवाल तो खड़े कर ही दिए हैं। फैसले का यह दिन भारतीय लोकतंत्र और न्याय व्यवस्था के इतिहास में एक ऐसा दिन बन गया है जिसे सिर्फ एक अदालती फ़ैसले के रूप में नहीं बल्कि पूरी न्यायिक-राजनीतिक प्रणाली के आईने के रूप में देखा जाएगा। शराब नीति घोटाला कांड में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सहित अन्य आरोपियों को अदालत द्वारा आरोपों से मुक्त किया जाना उस व्यवस्था पर सीधा प्रश्नचिह्न है जिसने वर्षों तक इस मामले को "सबसे बड़े भ्रष्टाचार घोटालों में से एक" बनाकर देश के सामने पेश किया। आज जब अदालत ने साफ़ शब्दों में कहा कि अभियोजन पक्ष के पास ठोस प्रमाण नहीं हैं तो सवाल सिर्फ यह नहीं है कि निर्दोष छूट गए. सवाल यह है कि इतने वर्षों तक देश को किस आधार पर गुमराह किया गया? यह फैसला उस न्याय प्रणाली की भी असलियत को उजागर करता है जो कागज़ों पर तो स्वतंत्र है लेकिन व्यवहार में अक्सर सत्ता के दबाव, राजनीतिक एजेंडों और संस्थागत प्रभावों से मुक्त नहीं दिखती। अक्सर जांच एजेंसियाँ कमजोर चार्जशीट, अधूरे सबूत और राजनीतिक कथानकों के सहारे किसी मामले को खड़ा करती हैं तो न्यायपालिका को अंततः वही करना पड़ता है जो आज हुआ। मामला ढह जाता है लेकिन इस ढहने से पहले जो राजनीतिक, सामाजिक और मानसिक नुक़सान होता है, उसकी भरपाई कोई अदालत नहीं कर पाती। वर्षों तक किसी व्यक्ति को "भ्रष्टाचार का प्रतीक" बनाकर पेश करना, उसके चरित्र, उसकी राजनीति और उसकी सामाजिक छवि को कुचल देना, और अंत में कहना कि "सबूत नहीं थे" यह सिर्फ न्यायिक विफलता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विफलता का एक हास्यास्पद रूप है। यह पूरा प्रकरण बताता है कि आज का भारत सिर्फ चुनावी लोकतंत्र नहीं, बल्कि पक्षपाती एवं स्वार्थ पूर्ण राजनीतिक अभियोजन के दौर से गुज़र रहा है, जहाँ कानून सत्ता का औज़ार बनता जा रहा है। विरोध की राजनीति को ख़त्म करने के लिए जांच एजेंसियाँ सबसे प्रभावी हथियार बन चुकी हैं। ऐसे में यदि ई डी या सीबीआई जैसी संस्थाओं को सरकारी तोता कहा जाता है तो फिर इसमें ग़लत क्या है ? ऊपर से अति सक्रिय मीडिया की वजह से मनगढ़ंत आरोप, छापे, गिरफ्तारियाँ, चार्जशीट, मीडिया ट्रायल सब मिलकर एक ऐसा माहौल बनाते हैं जिसमें अदालत का अंतिम फैसला आने से पहले ही व्यक्ति को "अपराधी" घोषित कर दिया जाता है। जनता के मन में दोष सिद्ध हो चुका होता है, भले ही कानून उसे निर्दोष घोषित कर दे लेकिन उसकी गंवाई गई प्रतिष्ठा, पैसा, सत्ता या इज्जत फिर लौटकर नहीं आती।

## जरा हटके

## इसकी सबसे बड़ी...

राजेश कुमार पासी

# पाकिस्तान को उसके पापों की सजा मिल रही है



इस समय पाकिस्तान चारों तरफ से घिरा हुआ महसूस कर रहा है. उसे समझ नहीं आ रहा है कि वो इससे कैसे बाहर निकले। जिस तालिबान को उसने पाल-पोस कर बड़ा किया, आज वही उसकी छाती पर चढ़ा हुआ है। देखा जाए तो इसके लिए भी पाकिस्तान ही जिम्मेदार है। अफगानिस्तान से रूस को बाहर निकालने के लिए अमेरिका की मदद से अफगान लड़ाकों की फौज तैयार की गई थी जिन्हें बाद में तालिबान का नाम दिया गया। तालिबान की फौज तैयार करने के नाम पर पाकिस्तान की सेना ने अमेरिकी फण्ड की जबरदस्त लूट की है। ऐसा लगता है कि उसने उस समय ही यह तय कर लिया था कि आगे चलकर वो इन लड़ाकों का इस्तेमाल भारत के खिलाफ करेगा। देखा जाए तो तालिबान का निर्माण पाकिस्तान की लंबी रणनीति का हिस्सा था। 1989 में जब रूस अफगानिस्तान को छोड़कर चला गया तो तालिबान का अफगानिस्तान पर कब्जा हो गया। पाकिस्तान की तालिबान को लेकर बनाई गई रणनीति सफल हो गई क्योंकि अपने पहले शासनकाल में तालिबान पाकिस्तान की कठपुतली बना रहा। कंधार हाइजैक की घटना के दौरान पाकिस्तानी आतंकवादियों को मुक्त करवाने में तालिबान ने पाकिस्तान की बड़ी मदद की थी। पूरा कांड करके भी पाकिस्तान तटस्थ बना रहा जैसे उसने कुछ किया ही न हो। अमेरिका पर 9/11 के हमले के बाद सारी परिस्थितियां बदल गई जब अफगानिस्तान पर हमला करने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद मांगी। जिस तालिबान को पाकिस्तान ने अपने प्रॉक्सी की तरह पाला-पोसा था, अमेरिका के लिए उसके खिलाफ ही जंग में उतरना पड़ा। 20 साल बाद अमेरिका ने अफगानिस्तान छोड़ दिया तो तालिबान एक बार फिर वहां सत्ता में आ गया । 2021 में जब तालिबान सत्ता में आया तो पाकिस्तान में जश्न मनाया गया और इसे अफगानिस्तान की आज़ादी कहा गया। पाकिस्तान के एक मंत्री ने बयान दिया था कि अब तालिबान भारत से कश्मीर छीनकर पाकिस्तान को देंगे। इससे साफ हो गया कि पाकिस्तान एक बार फिर तालिबान की मदद से भारत में आतंकवाद की आग भड़काने की कोशिश करेगा। कई रक्षा विशेषज्ञ भी मानते थे कि पाकिस्तान तालिबान लड़ाकों को भारत में आतंकवाद फैलाने के लिए भेज सकता है। तालिबान की कट्टरता और जिहादी रवैये को देखते हुए, इसकी संभावना भी थी। तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद उसका बदला हुआ चेहरा सामने आया । वास्तव में तालिबान पाकिस्तानी धोखे को भूला नहीं था कि अमेरिका ने पाकिस्तानी धरती से ही उसके ऊपर बम बरसाए थे। तालिबान को याद रहा कि पाकिस्तानी सेना की मदद से ही अमेरिका ने उसके हज़ारो लड़ाकों को मारा था और अफगानिस्तान को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया था। तालिबान ने सत्ता में आने के कुछ दिन बाद ही यह बयान दिया था कि भारत को वो अपना दुश्मन नहीं मानता और वो किसी दूसरे की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार नहीं है। तालिबान ने कहा कि वो अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए नहीं होने देगा। इसके अलावा भारत के लिए तालिबान का सबसे महत्वपूर्ण बयान यह था कि उसका कश्मीर समस्या से कोई लेना-देना नहीं है। भारत कई महीनों तक तालिबान से दूरी बनाए रखते हुए अफगानी जनता की मदद करता रहा। जब दुनिया तालिबान से वार्ता करने लगी तो भारत ने भी धीरे-धीरे उसके साथ बातचीत शुरू कर दी। वास्तव में ये नया तालिबान है जो लंबे समय तक अफगानिस्तान पर राज करने के लिए आया है । ये तालिबान आतंकवाद से दूर रहना चाहता है, बेशक अपनी रक्षा के लिए जिहाद जारी रखे हुए है । 2021 में तालिबान के सत्ता में आने से पहले भारत अफगानिस्तान के विकास में बड़ी मदद कर रहा था, तालिबान चाहता है कि भारत वो मदद जारी रखे, इसलिए वो भारत से अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश में है। पाकिस्तान की यही समस्या है कि वो तालिबान का इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। इसके विपरीत पाकिस्तान का सिरदर्द बने आतंकवादी संगठन 'टीटीपी' को तालिबान की मदद मिल रही है। तालिबान का कहना है कि उसका टीटीपी से कोई संबंध नहीं है. वो तो पाकिस्तान का संगठन है। दूसरी तरफ टीटीपी आतंकवादी पाकिस्तान में हमला करके अफगानिस्तान में चले जाते हैं। पाकिस्तान चाहता है कि तालिबान टीटीपी के खिलाफ कार्यवाही करे लेकिन तालिबान इसके लिए तैयार नहीं है। देखा जाए तो टीटीपी दोनों देशों के संबंधों के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। तालिबान के अफगानिस्तान की सत्ता में दूसरी बार लौटने के बाद से दोनों देशों के बीच 70 से ज्यादा झड़पें हो चुकी हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह तालिबान और बलोच लड़ाके हैं। ये दोनों पाकिस्तान में हमला करने के बाद सीमा पार करके अफगानिस्तान में चले जाते हैं। इसके अलावा दोनों देशों को विभाजित करने वाली डुरंड रेखा को लेकर भी विवाद है।

## नरमुंड-चश्मा लगाकर आए संन्यासी, डमरू की थाप पर नांचे, 3 लाख टूरिस्ट पहुंचे

# काशी में जलती चिताओं की भस्म से होली

**मसानहोली**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। धर्म और आध्यात्म की नगरी वाराणसी में शनिवार को सदियों पुरानी परंपरा 'मसाने की होली' का अद्भुत और भावुक कर देने वाला दृश्य देखने को मिला। मणिकर्णिका घाट पर जलती चिताओं, गूंजते जयकारों और भक्ति में लीन नागा साधु-संन्यासियों के बीच चिता की भस्म से होली खेली गई। यह अनोखी परंपरा जीवन और मृत्यु के दर्शन को एक साथ प्रस्तुत करती है। शनिवार सुबह से ही मणिकर्णिका घाट पर नागा साधु-संन्यासियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। डमरू की गूंज और शंखनाद के बीच साधु-संन्यासी घाट पहुंचे और बाबा मसान नाथ का





विधिवत पूजन किया। इसके बाद चिता की भस्म, रंग, गुलाल और अबीर अर्पित कर भस्म की होली की शुरुआत हुई। साधु-संन्यासी गले में नरमुंडों की माला धारण किए, शरीर पर भस्म लगाए और डमरू की थाप पर नाचते-गाते नजर आए। घाट पर "नमः पार्वती हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस विशेष अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक काशी पहुंचे। विदेशी पर्यटक भी चिता की भस्म और रंग में सराबोर होकर इस अनूठी परंपरा का हिस्सा बने और इस आध्यात्मिक अनुभव को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए। प्रशासन के अनुसार, मसाने की होली में शामिल होने के लिए 3 लाख से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक वाराणसी पहुंचे। घाट पर सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मणिकर्णिका घाट पर खेले जाने वाली मसाने की होली का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि भगवान शिव स्वयं इस दिन यहां विराजमान रहते हैं और अपने गणों के साथ होली खेलते हैं। यह परंपरा इस बात का प्रतीक है कि जीवन और मृत्यु एक ही सत्य के दो पहलू हैं, और अंततः सब कुछ शिव में ही विलीन हो जाता है।काशी की यह अनोखी मसाने की होली न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह जीवन के गूढ़ दर्शन और मोक्ष की अवधारणा को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है।

### जश्न और अंतिम यात्रा का अनोखा संगम

मसाने की होली के दौरान एक ओर जहां साधु-संन्यासी भक्ति और उत्साह में डूबे दिखाई दिए, वहीं दूसरी ओर घाट से लगातार शवयात्राएं भी गुजरती रहीं। यह दृश्य जीवन और मृत्यु के शाश्वत सत्य का प्रतीक बना रहा। आमतौर पर जिस चिता की राख से लोग दूरी बनाते हैं, उसी भस्म को इस दिन पवित्र मानकर साधु-संन्यासी और श्रद्धालु अपने शरीर पर लगाते हैं।

### मृत्यु और मोक्ष का प्रतीक है मसाने की होली

मणिकर्णिका घाट पर खेले जाने वाली मसाने की होली का विशेष धार्मिक महत्व है। मान्यता है कि भगवान शिव स्वयं इस दिन यहां विराजमान रहते हैं और अपने गणों के साथ होली खेलते हैं। यह परंपरा इस बात का प्रतीक है कि जीवन और मृत्यु एक ही सत्य के दो पहलू हैं, और अंततः सब कुछ शिव में ही विलीन हो जाता है। काशी की यह अनोखी मसाने की होली न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह जीवन के गूढ़ दर्शन और मोक्ष की अवधारणा को भी जीवंत रूप में प्रस्तुत करती है।



शव यात्रा के बीच भी घाट पर भस्म की होली खेली जा रही है।

## लंबी बीमारी के बाद 72 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

### हजारों लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज, बाराबंकी। बाराबंकी जनपद के सूरतगंज क्षेत्र स्थित बरैय्या गांव निवासी पूर्व प्रधान रामानंद वर्मा का शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे और लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, रामानंद वर्मा को लगभग दो सप्ताह पहले सफेदाबाद स्थित हिंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत गंभीर होने के कारण उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। रामानंद वर्मा सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में एक सक्रिय, लोकप्रिय और सम्मानित व्यक्तित्व थे। अपने प्रधान कार्यकाल के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत के विकास के लिए कई



महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने क्षेत्र में सड़क, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी। उनके सरल स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण के कारण वह लोगों के बीच बेहद लोकप्रिय थे। निधन के बाद उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक गांव बरैय्या लाया गया, जहां हजारों की संख्या में ग्रामीणों, समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबापुरवा स्थित ठाकुर द्वारा प्रांगण में पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

**फास्ट न्यूज**

### ग्रीन पार्क के पास खड़ी कार में लगी आग

कानपुर। कानपुर शहर के ग्रीन पार्क स्टेडियम के पास शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कार से करीब 10 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं और काला धुआं आसमान में छा गया। घटना दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। ग्रीन पार्क से परमट की ओर जाने वाली सड़क के किनारे खड़ी नेक्सॉन कार अचानक धू-धू कर जलने लगी।

### फर्जीवाड़े से 77 लाख रुपये से अधिक का गबन

देवरिया। देवरिया जिले के लार विकास खंड के पड़री गजराज गांव में पंचायत भवन निर्माण के लिए खरीदी गई जमीन में सरकारी धन के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का मामला सामने आया है। आरोप है कि प्रधान प्रतिनिधि, एक महिला और कुछ राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से 77 लाख रुपये से अधिक की धनराशि का हेरफेर किया गया। आरोप है कि वर्ष 2023 में माया देवी नामक महिला को फेकू प्रसाद की दूसरी पत्नी दर्शाते हुए कुटुंब रजिस्टर और मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार कराए गए। इसके बाद यह जमीन पंचायत भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार को लगभग 66.67 लाख रुपये में बैनामा कर दी गई।

### दिल्ली-आगरा रूट पर होली के लिए बसें बढ़ीं

फर्रुखाबाद। होली के त्योहार के मद्देनजर फर्रुखाबाद आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने दिल्ली और आगरा रूट पर बसों की संख्या बढ़ा दी है। इसके साथ ही, चालकों और परिचालकों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। फर्रुखाबाद रोडवेज डिपो ने शनिवार से 9 मार्च तक यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विशेष व्यवस्था की है।

## सिपाही ने बटुक को पीटा, बाल खींचे

### विश्वनाथ मंदिर के गेट पर थप्पड़ जड़े, दर्शन नहीं करने दिया

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। काशी में बाबा विश्वनाथ धाम के गेट पर सिपाही ने एक बटुक को पीट दिया। सिपाही ने तीन थप्पड़ जड़े। फिर दरोगा ने उसके बाल खींचे और धक्का देकर बैरिकेडिंग के पीछे कर दिया। बटुक ने किसी तरह खुद को संभाला, लेकिन इसके बाद उसे लाइन में लगने नहीं दिया। यानी बिना दर्शन के ही बटुक को लौटा दिया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने बटुक के साथियों के साथ भी बदसलूकी की। इस दौरान लाइन में खड़ी महिला श्रद्धालुओं से भी धक्का-मुक्की हुई। शुक्रवार को रंगभरी एकादशी पर शिव भगवान, माता पार्वती के साथ पालकी में सवार होकर मंदिर के गर्भगृह पहुंचे। पालकी जाने के बाद पुलिस ने बटुकों को बाहर रोक दिया। इसे लेकर बटुकों की पुलिस



से कहासुनी हो गई। पुलिसकर्मियों ने गुस्से में बटुक के साथ मारपीट कर दी। एक महिला पत्रकार से भी बदसलूकी की बात सामने आई है। डीसीपी गौरव बंसवाल ने कहा- वीडियो में दिख रहे पुलिसकर्मियों को मंदिर ड्यूटी से तत्काल हटा दिया गया है। उन्हें पुलिस लाइन से अटैच किया गया है। विभागीय जांच के निर्देश भी दिए गए। परंपरा के मुताबिक, गुरुवार को बाबा पालकी पर सवार होकर मंदिर से 500 मीटर दूर महंत आवास गौना कराने गए।

## इस्लाम धर्म छोड़ चुके यूट्यूबर को 14 चाकू मारे

### सलीम वास्तिक पर दिनदहाड़े हमला, योगी बोले- दोषियों को बख्शेंगे नहीं

तमसा संकेत, एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में इस्लाम धर्म छोड़ चुके यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर दिनदहाड़े ऑफिस में घुसकर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार को बिना नंबर प्लेट की बाइक से आए नकाबपोश हमलावरों ने सलीम पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। गला रेतने की कोशिश की। चीखने पर हमलावर उन्हें अधमरा छोड़कर फरार हो गए। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे और परिवार को सूचना दी। परिजन सलीम को अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल (जीटीबी) रेफर कर दिया गया। उनके शरीर पर सीने, पेट, गर्दन, बाजू और पैर में 14 जख्म हैं। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बेटे की शिकायत पर AIMIM नेता समेत 7 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है। घटना पर सीएम योगी ने कहा- कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यूपी में आतंक की कोई जगह नहीं है।



सलीम वास्तिक

### पुलिस ने महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि को नजरबंद किया

इस बीच, महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि शनिवार सुबह सलीम से मिलने GTB अस्पताल जाने वाले थे। पुलिस को इसकी सूचना मिल गई। डासना थाने की पुलिस उनके आवास पर पहुंची और उन्हें बाहर जाने से रोक दिया। इससे भड़के यति नरसिंहानंद गिरि की पुलिस से कहासुनी हुई। उन्होंने थोड़ी देर बाद वीडियो बनाकर लोगों को घटना की जानकारी दी।

> सलीम यूट्यूब पर 'सलीम वास्तिक 0007' के नाम से चैनल चलाते हैं। इस्लाम, मदरसों की शिक्षा पर सवाल उठाते हैं। तीन हफ्ते पहले उन्हें वीडियो पोस्ट किया था। कहा था- मेरा फेसबुक-इंस्टाग्राम डिलीट कर दिया। 3.5 लाख फॉलोवर थे। ऐसे गुंडागर्दी से तुम लोग मुझे चुप नहीं करा सकते। इससे तुम्हारा मजहब सही नहीं हो जाएगा। तुम लोग मेरा कुछ नहीं कर पाओगे। जब तक इखढ सरकार है। हिंदू ताकत में है।

### ऑफिस में घुसकर हमलावरों ने चाकू मारे

स्थानीय लोगों के मुताबिक, यूट्यूबर सलीम अहमद उर्फ सलीम वास्तिक (50) लोनी इलाके के अशोक विहार कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। इलाके में कुछ दूरी पर उनके दो मकान हैं। एक में उन्होंने अपना ऑफिस बना रखा है।



भाजपा नेता मनोज तिवारी को सलीम पर हुए हमले की जानकारी देते पिंकी चौधरी।

### हिंदू संगठनों ने अस्पताल के बाहर दिया धरना

हमले की सूचना मिलने पर हिंदू रक्षा दल के अध्यक्ष पिंकी चौधरी अपने समर्थकों के साथ जीटीबी अस्पताल के बाहर सड़क पर धरने पर बैठ गए। इस बीच, भाजपा सांसद और भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी मौके पर पहुंचे।

## प्रेमी से झगड़े के बाद गंगा में कूदकर दी जान

### कानपुर में घाट किनारे मिला शव, 6 माह से चल रहा था अफेयर

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। प्रेमी से झगड़े के बाद शुक्रवार देर रात 16 साल की लड़की ने गंगा में कूद कर जान दे दी। शनिवार सुबह उसका शव परमट घाट के किनारे पड़ा मिला। प्रेमी की सूचना पर पहुंची ग्वालटोली पुलिस ने जांच–पड़ताल कर परिजनों को जानकारी दी। पिता ने बताया कि बेटी का 6 माह से पी. रोड में रहने वाले एक युवक से अफेयर था। जानकारी होने पर वह बेटी की शादी कराने को भी राजी हो गए थे। ग्वालटोली, एफएम कॉलोनी निवासी शैलेश कुमार चाट का ठेला लगाते हैं। परिवार में पत्नी बिन्नों, बेटा समीर, कार्तिक और बेटी आनंदी (16) थी। बेटी आनंदी ने एमजी कॉलेज से क्लास-8 तक पढ़ाई की थी। इसके बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। पिता शैलेश ने बताया-



शुक्रवार देर रात वह घर लौटे तो आनंदी से खाना परोसने को कहा। खाना खाने के बाद पूरा परिवार सोने चला गया। रात 12 बजे के बाद आनंदी बिना बताए घर से चली गई। पिता ने बताया- देर रात आंख खुलने पर बेटी घर में नहीं मिली, तो खोजबीन शुरू की। लेकिन, उसका कोई पता नही चला। शुक्रवार को बेटी का युवक से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, जिस पर वह परेशान थी। शनिवार सुबह आनंदी का शव परमट घाट के पास पड़ा मिला।

## जागरूक युवा बनेंगे देश की आवाज: न्यायमूर्ति एससी शर्मा

### कभी नहीं दुहराए आपात काल की त्रासदी: बैजनाथ रावत

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। मोहनलाल वर्मा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट बाराबंकी में जनपद स्तरीय युवा सांसद 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्याय मूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा के द्वारा माता सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्वलन के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री शर्मा ने उद्घाटन भाषण में प्रतिभागी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश उस तरफ चलता है, वैसा ही बनता है, जैसा देश के युवा सोचते, समझते और कार्य करते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि आज का युवा सिर्फ अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक चिंतन में ही ना जिए, उसके चिंतन में राष्ट्र भी सम्मिलित





होना चाहिए। यदि युवा राष्ट्र के बारे में विचारशील होगा तो आने वाले समय में भारत विश्व का गौरव बनकर आगे बढ़ेगा। भारत को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सभी युवाओं की है, हमारी नीति निर्माण में युवाओं की भूमिका कैसे बढ़ सके, युवाओं के विचार देश के संसद तक कैसे पहुंच सके, इस प्रकार के आयोजन इसलिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि सभी युवा अपने विचार ठीक प्रकार से रखें और समाज में उनको स्थापित करने का भी प्रयत्न करें। मेरा युवा भारत बाराबंकी के जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला नोडल अधिकारी डॉ पंकज कुमार पटवा के संयुक्त निर्देशन में जिला युवा-संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ पंकज कुमार पटवा ने बताया कि जिले भर से कुल 103 युवाओं ने पंजीकरण कराया है। युवाओं ने युवा-संसद में अपने-अपने विचार बहुत मजबूती के साथ रखे। दोपहर भोजन के पश्चात समापन सत्र में विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार प्रतिबद्ध है।

## ब्लॉक परिसर में होली मिलन समारोह

### अधिकारियों-कर्मचारियों ने बांटे प्रेम और सौहार्द के रंग

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। बाराबंकी जनपद के सूरतगंज ब्लॉक परिसर में शनिवार को होली पर्व के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और भाईचारे का अनोखा माहौल देखने को मिला। अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक परिसर रंगों से सराबोर नजर आया। लाल, गुलाबी और पीले गुलाल की खुशबू से वातावरण महक उठा। अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गले लगाकर प्रेम, एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। होली के पारंपरिक गीतों और हंसी-मजाक के बीच सभी ने मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस



अवसर पर विकास खंड अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित कर्मचारियों और क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि होली का पर्व समाज में एकता और आपसी विश्वास को मजबूत करता है और सभी को मिलजुलकर इस त्योहार को मनाना चाहिए।

**आरोप:** शंकराचार्य का काम धर्म का प्रचार करना, पीएम-सीएम से लड़ना नहीं

## यूपी में पंचायत चुनाव समय पर होंगे : मंत्री राजभर

तमसा संकेत, एजेंसी

सुल्तानपुर। 'शंकराचार्य का काम धर्म का प्रचार करना होता है, न कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से लड़ाई करना और अनर्गल बयानबाजी करना। संत-महात्मा अगर प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री के खिलाफ बोलते हैं, तो वे अपने दायरे से हटकर बोल रहे हैं। अगर कोई भी, चाहे किसी भी पद पर हो, कानून अपने हाथ में लेगा, तो उसके खिलाफ कानून सख्ती से अपना काम करेगा।' ये बातें यूपी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने सुल्तानपुर में कहीं। वो समन्वय समिति की बैठक के लिए पहुंचे थे। राजभर ने एक बार फिर दावा किया कि यूपी में पंचायत चुनाव समय पर ही होंगे। दिल्ली शराब नीति केस में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के



बरी होने पर भी राजभर ने बयान दिया। कहा- सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। जब किसी एजेंसी को शिकायत मिलती है, तो वह जांच करती है। अगर कोर्ट में आरोप साबित नहीं हो पाते, तो इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं माना जाना चाहिए। इधर, मौनी अमावस्या विवाद के 8 दिन बाद 24 जनवरी को आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। इसमें माघ मेला-2026 और महाकुंभ-2025 के दौरान बच्चों से यौन शोषण के आरोप लगाए थे। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए 8 फरवरी को स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। 13 फरवरी को 2 बच्चों को कोर्ट में पेश किया। 21 फरवरी को उनके बयान दर्ज हुए।

### पंचायत चुनाव समय पर होंगे

राजभर ने कहा- 15 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रकाशन प्रस्तावित है। SIR, बोर्ड परीक्षाएं या जनगणना जैसी प्रक्रियाओं के बावजूद पंचायत चुनाव समय पर कराए जाएंगे। पुलिस ने एक साधु को चौकी में भी पीटा था। इससे शंकराचार्य नाराज हो गए थे। शिष्यों को छुड़वाने पर अड़ गए। अफसरों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, हाथ जोड़े, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के कई और समर्थकों को हिरासत में ले लिया था। शंकराचार्य की पालकी को खींचते हुए संगम से 1 किमी दूर ले जाया गया। इस दौरान पालकी का क्षत्रप भी टूट गया। शंकराचार्य स्नान भी नहीं कर पाए। शंकराचार्य 28 जनवरी तक अपने शिविर के बाहर धरने पर रहे। फिर वाराणसी लौट आए।



### सरकार ने नुकसान नहीं किया, फिर बयानबाजी क्यों?

राजभर ने 1990 के एक मामले का जिक्र किया। कहा- अगर मौजूदा कार्रवाई को कोई गलत मानता है, तो यह भी देखा जाना चाहिए कि 1990 में सपा सरकार के दौरान उनके खिलाफ FIR क्यों दर्ज हुई थी? और भी शंकराचार्य हैं, कार्रवाई सिर्फ उन्हीं के खिलाफ क्यों होती है? जब सरकार ने किसी का कोई नुकसान नहीं किया, तो फिर उसके खिलाफ बयानबाजी क्यों की जा रही?

## इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मीन महोत्सव 2026 का आयोजन

### मत्स्य पालन और पर्ल कल्चर को बढ़ावा देने पर जोर, विशेषज्ञों ने दी योजनाओं और बजट की जानकारी

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। मत्स्य पालन क्षेत्र के विकास और मत्स्य पालकों को नई तकनीकों एवं योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से 27 और 28 फरवरी 2026 को मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में मीन महोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के साथ-साथ बाराबंकी जिले के मत्स्य पालकों ने भी भौतिक रूप से प्रतिभाग कर नई योजनाओं और तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। मीन महोत्सव में केंद्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, मत्स्य विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों ने मत्स्य पालन क्षेत्र में विकास की संभावनाओं, नई परियोजनाओं और बजट आवंटन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर



केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, उत्तर प्रदेश के मत्स्य पालन मंत्री डॉ संजय निषाद, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव मत्स्य वी. राजू और महानिदेशक मत्स्य मुकेश कुमार विश्राम सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने मत्स्य पालन के आधुनिक तरीकों, उत्पादन बढ़ाने के उपायों और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, मत्स्य पालन के साथ पर्ल कल्चर (मोती उत्पादन) को भी योजनाओं में शामिल करने और इससे आय बढ़ाने के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई। मीन महोत्सव में बाराबंकी जनपद के कई प्रगतिशील मत्स्य पालकों ने प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों से संवाद कर नई तकनीकों और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा, जनपद स्तर पर 77 मत्स्य पालकों को उप कृषि निदेशक कार्यालय, पलहरी फार्म, बाराबंकी में मीन महोत्सव का सजीव प्रसारण दिखाया गया, जिससे उन्हें भी कार्यक्रम से जुड़ने और आवश्यक जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला इस अवसर पर जिला मत्स्य अधिकारी अच्छे लाल निषाद, मत्स्य निरीक्षक विवेक निगम और कनिष्ठ सहायक महेश लाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# रणजी चैंपियन बनने के करीब पहुंचा जम्मू-कश्मीर

## कर्नाटक के खिलाफ 5वें दिन कामरान इकबाल का शतक, टीम ने 576 रन की बढत बनाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर रणजी ट्रॉफी में इतिहास रचने के बेहद करीब पहुंच गया है। कर्नाटक के खिलाफ फाइनल के पांचवें दिन लंच तक टीम ने 576 रन की बढ़त बना ली। कामरान इकबाल के शतक की मदद से जम्मू ने अपनी दूसरी पारी में लंच सेशन तक 4 विकेट खोकर 285 रन बना लिए हैं। हुबली में जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 291 रन की बढ़त बना ली थी। आखिरी दिन अगर मुकाबला ड्रॉ भी रह गया तो जम्मू की टीम पहली पारी में बढ़त के आधार पर पहली बार रणजी चैंपियन बन जाएगी। टीम 8 बार की विजेता कर्नाटक को हराने के करीब है। गुरुवार को मुकाबले के पहले दिन जम्मू-कश्मीर ने टॉस जीतकर बैटिंग चुन ली। यावर हसन ने 88, शुभम पुंदीर ने 121, कप्तान पारस डोगरा ने 70, अब्दुल समद ने 61, विकेटकीपर कन्हैया वाधवान ने 70 और साहिल लोत्रा ने 72 रन बनाकर टीम को 584 तक पहुंचा दिया। जम्मू कश्मीर ने



यावर हसन और शुभम पुंदीर ने पहली पारी में सेंचुरी पार्टनरशिप कर जम्मू-कश्मीर को बढ़त दिलाई।

ढाई दिन बैटिंग की और कर्नाटक के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसाया। होम टीम के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने 5 विकेट लिए। विद्याधर पाटील, विजयकुमार वैशाख, श्रेयस गोपाल और शिखर शेट्टी ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रन आउट भी हुआ। ग्रुप स्टेज में जम्मू कश्मीर ने 3 मैच जीते और 3 मुकाबले ड्रॉ खेलकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ग्रुप में टीम को इकलौती हार मुंबई के खिलाफ मिली। क्वार्टर फाइनल में टीम ने इंदौर में होम टीम मध्य प्रदेश को 56 रन के करीबी अंतर से हरा दिया। सेमीफाइनल में फिर बंगाल को 99 पर ऑलआउट किया और 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। अब फाइनल में टीम कर्नाटक को हराने के करीब है। कर्नाटक ने भी ग्रुप-बी में 3 ही मुकाबले जीते और 3 ड्रॉ खेले। टीम को इकलौती हार टेबल टॉपर मध्य प्रदेश के खिलाफ मिली थी।

### कर्नाटक से मयंक अग्रवाल का शतक

584 के सामने कर्नाटक की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 57 रन पर 4 विकेट गंवा दिए। केएल राहुल 13 और कप्तान देवदत्त पडिक्कल 11 रन बनाकर आउट हुए। करुण नायर और रविचंद्रन स्मरण खाता भी नहीं खोल सके। पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल ने फिर श्रेयस गोपाल और कृतिक कृष्णा के साथ पारी संभाली। हालांकि, दोनों के आउट होते ही कर्नाटक की पारी बिखर गई। अग्रवाल 160 रन बनाकर आउट हुए, उनके जाते ही टीम 293 रन पर सिमट गई। इस तरह जम्मू-कश्मीर को पहली पारी में 291 रन की बढ़त मिल गई। टीम से तेज गेंदबाज आकिब नबी ने 5 विकेट लिए। सुनील कुमार और युद्धवीर सिंह चरक को 2-2 विकेट मिले।

### 5वें दिन कामरान के शतक से जम्मू आगे हुआ

जम्मू-कश्मीर ने 5वें और आखिरी दिन 186/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। कामरान इकबाल ने शतक लगाया और टीम को 200 के पार पहुंचा दिया। लंच सेशन तक टीम ने 4 विकेट खोकर 262 रन बना लिए। कामरान 124 और साहिल लोत्रा 80 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दोनों ने सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। टीम ने 576 रन की बढ़त बना ली है। शुक्रवार को मुकाबले के चौथे दिन टीम ने 4 विकेट गंवा दिए। यावर हसन 1, शुभम पुंदीर 4, कप्तान पारस डोगरा 16 और अब्दुल समद 32 रन बनाकर आउट हुए। कर्नाटक से प्रसिद्ध कृष्णा 2 विकेट ले चुके हैं। विजयकुमार वैशाख और श्रेयस गोपाल को 1-1 विकेट मिला।



## रिंकू सिंह अलीगढ़ से कोलकाता रवाना

अलीगढ़। क्रिकेटर रिंकू सिंह शनिवार को अलीगढ़ से कोलकाता के लिए रवाना हो गए हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 'करो या मरो' वाले मुकाबले से पहले टीम इंडिया के साथ जुड़ेंगे। इससे पहले BCCI सचिव देवजीत सैकिया ने न्यूज एजेंसी PTI को बताया था कि रिंकू शनिवार को टीम में शामिल हो रहे हैं। दरअसल, कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में वेस्ट इंडीज के खिलाफ मैच एक वर्चुअल नॉकआउट है, जिसमें जीतने वाली टीम ग्रुप-1 से साउथ अफ्रीका के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी। रिंकू ने अब तक टूर्नामेंट की 5 पारियों में 24 रन बनाए हैं। यह रिंकू का पहला ही वर्ल्ड कप है। इससे पहले शुक्रवार को रिंकू के पिता खानचंद सिंह का नोएडा के अस्पताल में निधन हो गया था। वे 60 साल के थे। उन्हें फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर था। रिंकू पिता के अंतिम संस्कार के लिए चेन्नई से सीधे अलीगढ़ पहुंच गए थे। रिंकू के बड़े भाई सोनू शनिवार सुबह पिता की अस्थियां गंगा में विसर्जित करने राजघाट गए थे।

# मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में बनेगा रवि शास्त्री स्टैंड

## गावस्कर और सचिन के स्टैंड पहले से बने, 3 दिग्गजों का सम्मान भी होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री के नाम पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड बनेगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) ने फैसला किया है कि ऐतिहासिक वानखेड़े स्टेडियम में अब एक स्टैंड का नाम रवि शास्त्री के नाम पर होगा। यह सम्मान किसी भी क्रिकेटर के लिए बहुत बड़ी बात होती है, और अब शास्त्री भी सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे महान खिलाड़ियों की खास लिस्ट में शामिल हो जाएंगे। स्टेडियम में भारत के पूर्व क्रिकेटर दिलिप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडल्जी के नाम 3 दरवाजों के नाम भी रखे



जाएंगे। एडल्जी ने 1978 और 1993 के विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत की कप्तानी की थी। रवि शास्त्री का मुंबई क्रिकेट से बहुत पुराना और गहरा रिश्ता रहा। उन्होंने न केवल भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि घरेलू क्रिकेट में मुंबई की टीम की कप्तानी भी की। MCA के अधिकारियों का कहना है कि शास्त्री ने एक खिलाड़ी, कप्तान और बाद में भारतीय टीम के कोच के रूप में क्रिकेट जगत में जो योगदान दिया, उसे देखते हुए ही यह फैसला लिया गया है। शास्त्री के नाम पर स्टैंड रखने की एक खास वजह वानखेड़े का वह ऐतिहासिक मैच भी है, जिसमें उन्होंने बड़ौदा के खिलाफ एक ही ओवर में 6 छक्के जड़े थे। यह कारनामा करने वाले वह पहले भारतीय बल्लेबाज बने थे। इसके अलावा, 1985 की वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट में उन्हें 'चैंपियन ऑफ चैंपियंस' चुना गया था।

## रेजिडेंशियल प्लॉट पर पैथोलॉजी लैब चलाने का आरोप, 15 दिन में मांगा जवाब

# धोनी को झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड का नोटिस

**रांची, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को झारखंड स्टेट हाउसिंग बोर्ड ने नोटिस जारी किया है। मामला रांची के हरमू इलाके में स्थित H-10A आवासीय प्लॉट से जुड़ा है। बोर्ड का आरोप है कि यह प्लॉट केवल आवासीय उद्देश्य से आवंटित किया गया था, लेकिन वर्तमान में वहां कथित तौर पर एक पैथोलॉजी लैब संचालित की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार, यह आवंटन की शर्तों का उल्लंघन है।नोटिस में धोनी से इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है, तो प्लॉट का




आवंटन रद्द करने की सिफारिश की जा सकती है। अब सबकी नजर उनके जवाब पर टिकी है। यदि हाउसिंग बोर्ड को उनका जवाब संतोषजनक नहीं लगा, तो आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकती है। बोर्ड का उद्देश्य आवंटन की शर्तों को सख्ती से लागू करना है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने धोनी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें झारखंड का गौरव बताया था।

**सूत्रों के अनुसार, हाउसिंग बोर्ड ने हाल के दिनों में ऐसे कई मामलों की समीक्षा शुरू की है, जिनमें आवासीय प्लॉट का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है।**



### 15 दिनों में देना होगा जवाब, जवाब पर कार्रवाई निर्भर

नोटिस में महेंद्र सिंह धोनी को 15 दिनों के भीतर जवाब देने को कहा गया है। उनके स्पष्टीकरण के आधार पर ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, धोनी फिलहाल हरमू स्थित इस मकान में नहीं रहते हैं। उन्होंने रिंग रोड पर अपना फार्महाउस बना रखा है और रांची प्रवास के दौरान वहीं ठहरते हैं। अब सबकी नजर उनके जवाब पर टिकी है। यदि हाउसिंग बोर्ड को उनका जवाब संतोषजनक नहीं लगा, तो आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सकती है। बोर्ड का उद्देश्य आवंटन की शर्तों को सख्ती से लागू करना है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने धोनी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें झारखंड का गौरव बताया था।

## मनोरंजन

# एकता कपूर से मिलीं बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल

## इंस्टाग्राम पर शेयर की वीडियो, बोलीं- मैं हीरोइन बन जाऊंगी?

**मुंबई।** बिग बॉस 19 में नजर आ चुकीं तान्या मित्तल ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके साथ एकता कपूर दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में तान्या ने एकता के साथ काम करने का अपना अनुभव शेयर किया, वहीं एकता ने भी तान्या की तारीफ की। इस दौरान तान्या, एकता के लिए बकलावा और कई गिफ्ट्स भी लेकर पहुंचीं। तान्या मित्तल ने यह वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में वह कहती नजर आ रही हैं, किसी ने मुझसे कहा था कि सपने सच नहीं होते, लेकिन मैं आज



किसके साथ खड़ी हूं? मैम, आपको मुझसे मिलकर कैसा लगा? इस पर एकता कपूर जवाब देती हैं, मुझे ऐसा लगा कि तान्या मैंने तो आपको शो के अंदर ही रोल ऑफर कर दिया था। आपको यहां तक आने में थोड़ा वक्त लगा। इसके बाद तान्या पूछती हैं, तो आप मुझे काम दे रहे हो?" एकता कहती हैं, मैं आपको अभी कह रही हूं कि मेरे पास आपके लिए लिखित में ऑफर है। मैं आपके साथ काम करने का इंतजार कर रही हूं। तान्या आगे पूछती हैं, मैं हीरोइन बन जाऊंगी ना? इस पर एकता कहती हैं, हां, बिल्कुल। और मैं आपके साथ ईमानदारी से कहना चाहती हूं कि आप जो मेरे लिए इतने गिफ्ट्स लेकर आईं, उसके लिए धन्यवाद। आपकी बहुत प्यारी फैमिली है। मैं उम्मीद करती हूं कि यह एक लंबा और पारिवारिक जुड़ाव होगा। इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए तान्या ने कैप्शन में लिखा, डियर एकता मैम/दी।




## सरकटे के साथ एक्टर का ठहाका, सवाल: क्या भूत सच में होते हैं?

# बिना सिर वाले भूत संग अक्षय का वीडियो वायरल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला का एक अनोखा प्रोमो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में अक्षय कुमार एक बिना सिर वाले भूत के साथ टहलते नजर आ रहे हैं और बेहद गंभीर अंदाज में उससे भूतों के अस्तित्व पर सवाल करते दिखाई देते हैं। प्रोमो का यह मजेदार कॉन्सेप्ट दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है और फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। वायरल क्लिप में अक्षय कुमार एक सरकटे प्रेत के साथ बातचीत करते हुए उससे पूछते हैं—"क्या भूत सच में होते हैं?" इस सवाल पर भूत का जवाब डरावना नहीं, बल्कि बेहद मजेदार होता है।



**"फिल्म का पहला गाना 'राम जी आके भला करेंगे' पहले ही रिलीज हो चुका है और इसे दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला है। यह गाना 55 मिलियन से अधिक व्यूज हासिल कर चुका है और सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रेंड कर रहा है। गाने की लोकप्रियता से फिल्म को रिलीज से पहले ही मजबूत चर्चा मिल रही है।**




### अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हिट जोड़ी की वापसी

फिल्म की सबसे खास बात यह है कि करीब 14 साल बाद अक्षय कुमार और मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन की सफल जोड़ी एक बार फिर साथ काम कर रही है। इससे पहले दोनों ने हेरा फेरी और भूल भुलैया जैसी आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों में साथ काम किया था, जिन्हें आज भी दर्शक बेहद पसंद करते हैं। ऐसे में 'भूत बंगला' से भी दर्शकों को बड़ी उम्मीदें हैं।

# यामी गौतम ने देख ली धुरंधर 2 !

## बोलीं- ये ऐसा अनुभव है जिसे लोग कभी नहीं भूल पाएंगे, फिल्म देखकर भावुक हो गई

**मुंबई।** अभिनेता रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले पार्ट की सफलता के बाद से ही फिल्म के दूसरे भाग का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा था, और अब 19 मार्च को इसकी रिलीज की आधिकारिक पुष्टि के साथ ही फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है। इस बीच फिल्म के निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और अभिनेत्री यामी गौतम ने फिल्म को लेकर बड़ा बयान देकर चर्चा को और तेज कर दिया है। एक मीडिया बातचीत के दौरान यामी गौतम ने खुलासा किया कि वह 'धुरंधर 2' देख चुकी हैं और फिल्म ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनकी अपेक्षाओं से कहीं बढ़कर है और इसे देखकर वह भावुक हो गई थीं। यामी के अनुसार, फिल्म का अनुभव इतना प्रभावशाली था।



***"जब यामी गौतम से फिल्म की रिलीज और इससे जुड़े अन्य पहलुओं पर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि फिल्म से संबंधित आधिकारिक जानकारी निर्देशक आदित्य धर ही साझा करेंगे। हालांकि उन्होंने यह जरूर संकेत दिया कि 19 मार्च को उनका सिनेमा हॉल में एक 'जरूरी अपॉइंटमेंट' है।***

### दर्शकों के लिए खास अनुभव बनने का दावा

फिल्म को लेकर यामी गौतम का दावा है कि 'धुरंधर 2' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक ऐसा अनुभव है जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे। फिल्म की कहानी, निर्देशन और अभिनय को लेकर पहले से ही सकारात्मक माहौल बन चुका है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि 19 मार्च को रिलीज के बाद फिल्म दर्शकों और बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है।

### बॉक्स ऑफिस पर होगा बड़ा क्लैश

फिल्म की रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर बड़ा मुकाबला भी देखने को मिलेगा। 'धुरंधर 2' का क्लैश अभिनेता यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म टॉक्सिक से होगा। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर यह टक्कर बेहद दिलचस्प रहने की संभावना है।



# 'स्पिरिट' से विवेक ओबेरॉय का खतरनाक फर्स्ट लुक जारी

## प्रभास स्टारर फिल्म में दिखा इंटेंस अवतार, फैंस बोले 1000 करोड़ क्लब तय

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'स्पिरिट' से बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय का पहला लुक आज जारी किया गया, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इस दमदार पोस्टर को शेयर करते ही सोशल मीडिया पर फैंस की प्रतिक्रियाओं का हुजूम देखने को मिला, जिसमें कई लोग फिल्म को 1000 करोड़ क्लब तक पहुंचते देखने की बात कह रहे हैं। फिल्म के मेकर्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर विवेक के किरदार का पोस्टर शेयर किया, जिसमें वह एक कटर सिंगर और स्टाइलिश लुक में दिखाई दे रहे हैं। लॉन्ग कोट, धूम्रपान करते हुए सिगार और हाथ में तलवार लिए विवेक का यह अवतार काफी ग्रिट्टी और इंटेंस लगता है, जो कि दर्शकों में एक अलग ही उत्साह



भर रहा है। इस पोस्टर में साथ में नई अभिनेत्री ऐश्वर्या देसाई का भी एंट्री-लेवल रुप दिखाया गया है। वह एक सस्पेंस फ्लेवर वाली सीन में नजर आ रही हैं, जिसे देखकर कई लोग फिल्म की कहानी में उनके किरदार की भूमिका के बारे में अनुमान लगाने लगे हैं। 'स्पिरिट' के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा हैं, जिनके पिछले प्रोजेक्ट 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त धमाल मचाया था। यही वजह है कि इस फिल्म से जुड़ी हर अपडेट को बड़ी बेसब्री से फैंस और क्रिटिक्स दोनों ही देख रहे हैं।

